# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार, 14 फरवरी 2026





छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

# डबल इंजन की सरकार में विकास सुपरफास्ट

- रावघाट- जगदलपुर रेल परियोजना के साथ रेल नेटवर्क मैप से जुड़ रहा बस्तर
- पीएम जनमन योजना के साथ जनजाति समुदाय का हो रहा विकास
- दक्षिण छत्तीसगढ़ में बोधघाट परियोजना बनेगी हरियाली और समृद्धि का वरदान
- महतारी वंदन से महिलाओं को संबल
- किसानों को बकाया बोनस, पीएम किसान सम्मान निधि का भी लाभ
- 26 लाख से अधिक परिवारों को अपना पक्का आवास
- जगदलपुर-विशाखापट्टनम और रायपुर-विशाखापट्टनम नई सड़क परियोजनाओं से विकास की नई राहें
- स्पष्ट नीति और मजबूत निर्णयों के साथ सुशासन का राज




QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
सुशासन से समृद्धि की ओर
ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026




## खबर संक्षेप

### ईडी ने कुर्क की 100 करोड़ की संपत्तियां

**नई दिल्ली।** ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने पश्चिम बंगाल में कथित अवैध खनन और कोयला चोरी के मामले में धनशोधन की जांच के तहत 100 करोड़ रुपए की नयी संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी का दावा है कि इस मामले में स्थानीय प्रशासन ने सक्रिय रूप से सहयोग किया था। इस मामले में हालिया तलाशी जनवरी में कई परिसर में ली गई थी, जिनमें कोलकाता स्थित राजनीतिक परामर्श कंपनी 'आई-पैक' और उसके एक निदेशक प्रतीक जैन से जुड़े परिसर भी शामिल थे। आठ जनवरी की इस कार्रवाई को लेकर काफी विवाद खड़ा हो गया था। ईडी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में आरोप लगाया था कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी छापेमारी के दौरान जैन के आवास पर पहुंच गईं और 'महत्वपूर्ण सबूत साथ लेकर चली गईं' तथा आई-पैक के कार्यालय में भी उन्होंने यही कृत्य दोहराया।

### एयर इंडिया पर एक करोड़ का जुर्माना

**मुंबई/नई दिल्ली।** विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने पिछले साल कम से कम आठ मार्गों पर आवश्यक उड़ान योग्यता प्रमाणपत्र के बिना एयरबस ए320 नियो विमान का संचालन करने के लिए टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने पिछले साल दो दिसंबर को कहा था कि वह एयर इंडिया द्वारा बिना वैध प्रमाणपत्र के विमान उड़ाने की घटना की जांच कर रहा है। नियामक ने नियम के उल्लंघन के लिए एयर इंडिया पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। नियामक द्वारा की गई इस कार्रवाई पर एयर इंडिया ने एक बयान में कहा, "एयर इंडिया डीजीसीए के उस आदेश की प्राप्ति स्वीकार करती है, जो 2025 में स्वेच्छा से रिपोर्ट की गई एक घटना के संबंध में है।

### नए दफ्तर में प्रवेश, पहले दिन चार महत्वपूर्ण फाइलों पर दस्तखत

# 'सेवा तीर्थ' में पीएम मोदी की पहली सेवा हाईवे में घायल को इलाज के लिए डेढ़ लाख

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सेवा तीर्थ परिसर का उद्घाटन किया। यहां प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय स्थित होंगे। पीएम मोदी ने सेवा तीर्थ से पहला फैसला महिलाओं, किसानों, युवाओं और कमजोर तबके के कल्याण के लिए किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने प्रत्येक नागरिक को जीवन रक्षक सुरक्षा प्रदान करने दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज वाली फाइल पर दस्तखत किए।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

यह बदलाव 13 फरवरी को हुआ, जब 1931 में नई दिल्ली को भारत की आधुनिक राजधानी के रूप में औपचारिक रूप से उद्घाटन किए जाने के 95 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

■ प्रधानमंत्री कार्यालय सेवा तीर्थ परिसर में स्थानांतरित

शुक्रवार को प्रधानमंत्री केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल और जितेंद्र सिंह तथा पीएमओ के शीर्ष अधिकारियों के साथ सेवा तीर्थ परिसर पहुंचे। इस परिसर का उद्घाटन किया जिसमें पीएमओ, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय स्थित होंगे। मोदी ने पीएमओ में भगवान गणेश की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और महिलाओं, किसानों, युवाओं और कमजोर तबके के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिये। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और प्रधान सचिव पी के मिश्रा एवं शक्तिकांत दास समेत शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी में, ▸▸|शेष पेज 6 पर



#### एकसाथ आ जाएंगे कार्यालय

*पीएम मोदी ने नए परिसर में सेवा तीर्थ की पट्टिका का अनावरण किया। यह नाम देवनागरी लिपि में परिसर की दीवार पर अंकित है। इसके नीचे 'नागरिक देवो भव' का आदर्श वाक्य लिखा है।* ▸▸|शेष पेज 6 पर

#### सेवा तीर्थ पर लिखा है- नागरिक देवो भव

प्रधानमंत्री ने सेवा तीर्थ कॉम्प्लेक्स की पट्टिका का अनावरण किया। दीवार पर 'सेवा तीर्थ' के नीचे 'नागरिक देवो भव' लिखा गया है। प्रधानमंत्री का ऑफिस 1947 से साउथ ब्लॉक में रहा है। ये इमारत करीब 78 सालों से देश की सत्ता का केंद्र रही है। 2014 से मोदी सरकार ने ब्रिटिश शासकों के प्रतीकों से दूर जाने के लिए लगातार कदम उठाए हैं।

#### 1189 करोड़ की लागत से बना सेवा तीर्थ

सेवा तीर्थ का मतलब है 'सेवा का स्थान'। पहले इसका नाम 'एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव' रखा गया था, लेकिन 2 दिसंबर 2025 में इसका नाम बदलकर सेवा तीर्थ रखा गया। यह नई दिल्ली में दारा शिकोह रोड पर एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव में स्थित है। यह करीब 2.26 लाख वर्ग फीट (करीब 5 एकड़) में बना है।

#### इन फैसलों पर साइन

- **पीएम राहत योजना :** 'पीएम राहत योजना' के तहत, दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज मिलेगा।
- **6 करोड़ लखपति दीदी:** प्रधानमंत्री ने अब मार्च 2029 तक छह करोड़ लखपति दीदियों का एक नया, महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने मार्च 2027 की समयसीमा से एक साल से भी अधिक पहले तीन करोड़ लखपति दीदियों का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है।
- **एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड :** किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी के रूप में, कृषि अवसंरचना निधि को दोगुना करके दो लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।
- **'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' :** पीएम मोदी मोदी ने 10,000 करोड़ रुपए के फंड के साथ 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को भी मंजूरी दी।

### भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ किया लामबंद

## राहुल मिले किसान यूनियनों के नेताओं से, देशभर में महा-आंदोलन की तैयारी



**नई दिल्ली।** संसद भवन में आज उस समय गहमागहमी बढ़ गई जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देशभर के किसान यूनियनों के दिग्गजों के साथ एक हाई-प्रोफाइल बैठक की। इस बैठक का मुख्य एजेंडा भारत-अमेरिका के बीच हालिया ट्रेड डील रहा, जिसे लेकर किसानों और विपक्ष ने मोर्चा खोल दिया है। बैठक के दौरान किसान नेताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह व्यापार समझौता भारतीय किसानों के लिए 'डेथ वारंट' साबित हो सकता है। उन्हें डर है कि इस समझौते से अमेरिका से मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवों का भारी आयात शुरू हो जाएगा। इससे भारतीय बाजार में कीमतें गिरेंगी और घरेलू उत्पादकों की आजीविका संकट में पड़ जाएगी। बैठक में केवल चर्चा ही नहीं हुई, बल्कि इस समझौते के विरोध में एक बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय आंदोलन शुरू करने की रणनीति पर भी विचार किया गया।

#### राहुल ने सरकार पर बोला हमला

राहुल गांधी ने किसानों की चिंताओं का समर्थन करते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने चेतावनी दी कि यह तो बस शुरुआत है; जल्द ही अन्य फसलों पर भी इसका बुरा असर पड़ेगा। गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'कॉर्पोरेट मित्रों' के फायदे के लिए भारत के कृषि बाजार को विदेशी कंपनियों के हवाले कर दिया है। राहुल गांधी ने एक वीडियो संदेश के जरिए सरकार को चुनौती देते हुए कहा, मैंने संसद में सच बोला है। अगर आपको सच पसंद नहीं आता, तो यह आपकी समस्या है। मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज करें, केस करें या विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाएं, मैं और मेरी पूरी पार्टी किसानों के साथ डटकर खड़े हैं।

## बदबू से परेशान ग्रामीण दंतेश्वरी मक्का प्लांट में घुसे, कई वाहनों में तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

कोण्डागांव में गुरूवार की देर रात उस समय हालात बिगड़ गए, जब आक्रोशित ग्रामीण मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण प्लांट में घुस गए और परिसर में मौजूद वाहनों में जमकर तोड़फोड़ कर डाली। घटना से पूरे क्षेत्र में तनाव फैल गया है और प्रशासन को तुरंत मोर्चा संभालना पड़ा। जानकारी के अनुसार देर रात ग्राम कोकोड़ी के ग्रामीण बड़ी संख्या में प्लांट परिसर में पहुंच गए। गुस्साए ग्रामीणों ने वहां खड़ी कार, ट्रैक्टर और कई अन्य वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। अचानक हुए इस हंगामे से प्लांट में मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों का आरोप है कि प्लांट से निकलने वाला तरल अपशिष्ट उनके खेतों तक ▸▸|शेष पेज 6 पर



#### तनाव के बीच भारी सुरक्षा तैनात

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है। पुलिस लगातार गश्त कर रही है और इलाके की निगरानी बढ़ा दी गई है।

#### घटना के कारणों की जांच जारी

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि आक्रोशित ग्रामीणों का मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण प्लांट में घुस कर तोड़फोड़ का कारण क्या था, इसे लेकर अभी प्रशासन जांच कर रहा है।

## एक झटके में सात लाख करोड़ स्वाहा!

एजेंसी ▸▸| मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भारी गिरावट देखने को मिली। कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 1,048.16 अंक या 1.25% गिरकर 82,626.76 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 336.10 अंक या 1.30% टूटकर 25,471.10 के स्तर पर आ गया। इस गिरावट के चलते निवेशकों की करीब 7 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति एक ही दिन में स्वाहा हो गई।

सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 में से 28 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। हिंदुस्तान यूनिलीवर, इटर्नल, टाइटन, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी ▸▸|शेष पेज 6 पर

### शेयर बाजार में हाहाकार



#### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

*जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, आगामी अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़ों से पहले कमजोर वैश्विक संकेतों और कृत्रिम मेधा से जुड़ी आशंकाओं के कारण निवेशकों का रुख सतर्क रहा। एआई से भारतीय आईटी कंपनियों के कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका के चलते भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा से उपजी सकारात्मक धारणा अब लुप्त हो चुकी है। इसके अलावा धातु शेयरों में मुनाफावसूली ने भी बाजार को दबाव में लाने का काम किया।*

#### क्यों गिरा शेयर बाजार?

इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह आईटी सेक्टर में जारी तेज बिकवाली रही। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव को लेकर चिंता ने आईटी कंपनियों के बिजनेस मॉडल पर सवाल खड़े किए हैं। निफ्टी आईटी इंडेक्स इस सप्ताह 9% टूट चुका है, जो अप्रैल 2025 के बाद इसकी सबसे बड़ी वीकली गिरावट है।

### सीबीएसई की कार्यशाला

## 12वीं रिजल्ट के बाद अंकों के सत्यापन की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** इस वर्ष से सीबीएसई के 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अंकों के सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि बोर्ड पूरी तरह से डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली अपना रहा है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को स्कूल शिक्षकों और प्रधानाचार्यों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' (ओएसएम) की कार्यप्रणाली का विस्तृत विवरण दिया गया, जिसे 2026 से ▸▸|शेष पेज 6 पर

#### प्राप्तांकों का करवाते थे सत्यापन

परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, पुरानी प्रणाली में, छात्र प्राप्तांकों में विसंगतियों की जांच के लिए सत्यापन करवाते थे। डिजिटल मूल्यांकन की नयी योजना में, ऐसी विसंगतियों को शुरुआत में ही दूर कर दिया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि यह सुधार रातोंरात नहीं हुआ।

### टी-20 वर्ल्ड कप

## बड़ा उलटफेर, जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को रौंदा

| जिम्बाब्वे-169 रन | ऑस्ट्रेलिया-146 रन |
|---|---|



*कोलंबो। टी20 विश्वकप 2026 का पहला बड़ा उलटफेर हो चुका है। जिम्बाब्वे ने इस संस्करण के 19वें मुकाबले में 2021 की टी20 विश्वकप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हरा दिया है। यह मुकाबला कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेला गया। जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में दो विकेट गंवाकर 169 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पूरी पारी 19.3 ओवर में 146 रन पर सिमट गई। यह जिम्बाब्वे टीम की ऑस्ट्रेलिया पर टी20 में दूसरी जीत है। इससे पहले जिम्बाब्वे ने 2007 टी20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया था।* ▸▸|शेष पेज 6 पर

### इस माह समाप्त हो रहा है बिलासपुर कुलपति का कार्यकाल

## बिलासपुर कुलपति के लिए 64 आवेदन, सर्च कमेटी ने भेजे तीन नाम, इसके साथ कतार में रायगढ़ व पत्रकारिता विश्वविद्यालय भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

अटल बिहारी वाजपेयी विवि बिलासपुर को नए सत्र के पहले नया कुलपति मिल जाएगा। बिलासपुर विवि के लिए कुलपति चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अटल बिहारी विवि के वर्तमाल कुलपति प्रो.एडीएन वाजपेयी का कार्यकाल इस माह समाप्त हो रहा है। कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने के पर्याप्त समय पहले ही यहां आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई थी। दिसंबर अंत तक आवेदन मांगे गए थे। सूत्रों के अनुसार, 64 आवेदन बिलासपुर विवि के प्राप्त हुए थे। इनमें कुलपति बनने की योग्यता रखने वाले राज्य के प्राध्यापकों के साथ-साथ दूसरे राज्यों से भी आवेदन प्राप्त हुए हैं। 9 फरवरी को सर्च कमेटी की बैठक आयोजित की गई। सूत्रों के अनुसार, कुलपति पद के लिए तीन नामों का पैनल तैयार कर राजभवन भेजा गया है। चयनित उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। गौरतलब है कि अटल बिहारी ▸▸|शेष पेज 6 पर

### 29 दिसंबर तक मांगे गए थे आवेदन, दावेदारों में बाहरी भी



#### अगस्त में विज्ञापन, अब तक नियुक्ति नहीं

नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ में भी कुलपति का पद रिक्त है। यहां बीते वर्ष अगस्त माह में आवेदन मांगे गए थे। आवेदन समाप्त हुए कई माह बीत जाने के बाद भी यहां राजभवन कुलपति की नियुक्ति नहीं कर सका है। परीक्षा सहित अन्य आवश्यक कार्यों को छोड़कर विकास संबंधित कार्य यहां भी बाधित हैं। यहां कुलसचिव का पद भी पांच माह से खाली था, जिस पर बीते दिनों तरूण दीवान की नियुक्ति की गई है।

#### पत्रकारिता विवि को एक वर्ष से इंतजार

आवेदन प्रक्रिया समय रहते प्रारंभ हो जाने के कारण बिलासपुर विवि में कुलपति का पद अधिक समय के लिए रिक्त नहीं रहेगा। लेकिन पत्रकारिता विवि में कुलपति का इंतजार पिछले एक वर्ष से हो रहा है। पूर्व कुलपति प्रो.बलदेव भाई शर्मा का कार्यकाल मार्च में समाप्त हो गया था। इसके बाद से प्रभारी कुलपति के भरोसे यहां काम हो रहा है। कुलपति के लिए विज्ञापन जारी कर उसे रद्द किया गया था। नियमों में संशोधन कर पुनः आवेदन मांगे गए। इस कारण भी प्रक्रिया में विलंब हुआ। सूत्रों के अनुसार, यहां भी कुलपति पद के लिए तीन नाम राजभवन भेजे जा चुके हैं।



## चिंतन

# बांग्लादेश के साथ संतुलन साधने की चुनौती बरकरार

बांग्लादेश की राजनीति में आए ताजा बदलाव ने दक्षिण एशिया के कूटनीतिक समीकरणों को नई दिशा दे दी है। आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की निर्णायक जीत और उसके अध्यक्ष तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की संभावना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश लगभग दो दशकों बाद सत्ता परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। 2008 से 2024 तक शेख हसीना के नेतृत्व में आवामी लीग की सरकार रही। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि नई सरकार देश की आंतरिक राजनीति और विदेश नीति को किस दिशा में ले जाती है। भारत के लिए यह सत्ता परिवर्तन विशेष महत्व रखता है। पड़ोसी होने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध गहरे हैं। पिछले डेढ़ दशक में सुरक्षा सहयोग, सीमा प्रबंधन, कनेक्टिविटी और व्यापार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। ऐसे में नई दिल्ली की प्राथमिकता यही होगी कि इन उपलब्धियों को संरक्षित रखते हुए नई सरकार के साथ विश्वास का रिश्ता कायम रखा जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तारिक रहमान को दी गई बधाई इस बात का संकेत है कि भारत व्यावहारिक और संतुलित कूटनीति अपनाना चाहता है। हालांकि दोनों देशों के संबंधों को लेकर चुनौतियां भी कम नहीं हैं। बीएनपी का अतीत भारत के प्रति अपेक्षाकृत सख्त रुख से जुड़ा रहा है। इसके अलावा जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन की उपस्थिति भी नई सरकार की नीतियों को प्रभावित कर सकती है। अब बांग्लादेश के संविधान में बड़े बदलावों को जनता ने हरी झंडी दे दी है। बांग्लादेश प्रधानमंत्री की शक्तियों में कटौती करने जा रहा है और राष्ट्रपति की ताकत बढ़ेगी, इसके अलावा इस देश में संसद के ऊपरी सदन का गठन होगा। अब देखना यह भी है कि बांग्लादेश का संविधान किस तरह की नीति को अपनाता है। संविधान में कैसे बदलाव लाए जाते हैं। अगर पाकिस्तान की तरह शरियत को अपनाता है तो यह उन बांग्लादेशी हिंदुओं पर कुठाराघात होगा, जिन्होंने बीएनपी का समर्थन किया और उसके लिए दिन रात एक कर दिया। विशेषकर हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और अधिकारों का प्रश्न भारत के लिए संवेदनशील मुद्दा रहेगा। चीन और पाकिस्तान के साथ बांग्लादेश के संबंधों पर भी नजर रहेगी। यदि नई सरकार बीजिंग की ओर अधिक झुकाव दिखाती है, तो यह भारत के रणनीतिक हितों के लिए चुनौती बन सकता है। वहीं, पाकिस्तान के साथ संबंधों का पुनर्संतुलन भी क्षेत्रीय राजनीति में नई हलचल पैदा कर सकता है। एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू शेख हसीना से जुड़े मुद्दों का है। यदि नई सरकार उनके खिलाफ राजनीतिक या कानूनी कार्रवाई करती है, तो भारत को अपनी प्रतिक्रिया बेहद संतुलित रखनी होगी। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का सम्मान और क्षेत्रीय स्थिरता दोनों के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं होगा। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए बांग्लादेश के साथ बेहतर संपर्क और व्यापारिक सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि 1988 में काजी जफर अहमद के बाद पहली बार कोई पुरुष बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बनने जा रहा है। 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में खालिदा जिया और शेख हसीना का दबदबा रहा। अंततः भारत और बांग्लादेश के संबंध किसी एक दल या नेता पर निर्भर नहीं होने चाहिए। बांग्लादेश की नई सरकार के लिए भी यह समझना आवश्यक है कि भारत के साथ सकारात्मक और संतुलित संबंध ही उसके दीर्घकालिक हितों की रक्षा कर सकते हैं।

# भारत-बांग्लादेश संबंध के नवीकरण का वक्त



जनादेश
डॉ. घनश्याम बादल

12 फरवरी को हुए चुनावों के नतीजे सामने हैं और बांग्लादेश की जनता ने परिपक्व तरीके से न केवल चुनाव में भारी संख्या में मतदान किया अपितु अपने देश को कट्टरपंथी राजनीतिक विचारधारा के हाथों में जाने से भी बचा लिया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने स्वर्गीय खालिदा जिया और जियाउर रहमान के बेटे 60 वर्षीय तारिक रहमान के नेतृत्व में 299 में से 213 सीट जीतकर वहां लगभग दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया है। भारत के लिए यह क्षण आत्ममंथन का है। पड़ोस-नीति को सुरक्षा-केंद्रित चश्मे से देखने का समय अब खत्म हो रहा है। भारत को बांग्लादेश को "रणनीतिक फ्रंटलाइन" नहीं, बल्कि "समान साझेदार" के रूप में देखना होगा।

बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर के रूप में मोहम्मद यूनुस और कुछ खास कर पाए हों या नहीं, लेकिन एक काम तो उन्होंने कर ही दिया है कि बांग्लादेश को राजनीतिक उहापोह की स्थिति से निकालकर स्पष्ट जनादेश दिलवा दिया है। 12 फरवरी को हुए चुनावों के नतीजे सामने हैं और बांग्लादेश की जनता ने परिपक्व तरीके से न केवल चुनाव में भारी संख्या में मतदान किया अपितु अपने देश को कट्टरपंथी राजनीतिक विचारधारा के हाथों में जाने से भी बचा लिया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने स्वर्गीय खालिदा जिया और जियाउर रहमान के बेटे 60 वर्षीय तारिक रहमान के नेतृत्व में 299 में से 213 सीट जीतकर वहां लगभग दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया है। जबकि उसके प्रतिद्वंद्वी जमात ए इस्लामी को 74 सीट ही मिलीं हैं।

आश्चर्यजनक रूप से छात्र आंदोलन का चेहरा बनकर शेख हसीना को सत्ता से बाहर करने वाले नाहिद इस्लाम की पार्टी एनसीपी को केवल दो सीट ही मिल पाई हैं और इसकी मुख्य वजह यही दिखती है कि उनका जमात ए इस्लामी के साथ गठबंधन का रणनीतिक निर्णय ग़लत रहा। बांग्लादेश का ताज़ा चुनाव कोई सामान्य सत्ता-परिवर्तन नहीं, बल्कि एक पूरे राजनीतिक युग के अंत और नए शक्ति-संतुलन की शुरुआत समझा जाना चाहिए। यह चुनाव केवल संसद की सीटों का गणित नहीं है, बल्कि उस सामाजिक-राजनीतिक बेचैनी की परिणति है, जो वर्षों से सड़कों, विश्वविद्यालयों, श्रमिक बस्तियों और सीमावर्ती इलाकों में सुलग रही थी। इस जनादेश ने साफ संकेत दिया है कि देश अब पुराने ढर्रे की राजनीति से आगे निकलना चाहता है लेकिन यह रास्ता लोकतांत्रिक स्थिरता की ओर जाएगा या नए असंतुलन की ओर, यह अभी भी एक अनुत्तरित ज्वलंत सवाल है।

आंकड़ों की बात करें तो तस्वीर साफ है। संसद में स्पष्ट बहुमत एक ही राजनीतिक धारा के पक्ष में गया है। कुल सीटों का बड़ा हिस्सा एक ही पार्टी बीएनपी के खाते में गया, जबकि विपक्षी ताकतें सीमित, बिखरी हुई और वैचारिक रूप से खंडित दिखाई देती हैं। मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत ऊंचा रहा, जो यह संकेत देता है कि जनता ने चुनाव को महज़ औपचारिकता नहीं माना, बल्कि उसे सत्ता-परिवर्तन का माध्यम समझा। हालांकि यह भी सच है कि अवामी लीग की अनुपस्थिति से चुनावी मुकाबला असंतुलित रहा, लेकिन इसके बावजूद जनमत का संदेश दो-टूक है। पुरानी सत्ता संरचना से मोहभंग और नए विकल्प की तलाश। यह जनादेश मूलतः तीन संदेश देता है। पहला, जनता सत्ता के केंद्रीकरण से ऊब चुकी थी। दूसरा, आर्थिक असमानता, बेरोज़गारी और संस्थागत भ्रष्टाचार के खिलाफ गुस्सा निर्णायक रूप में वोट में बदला। तीसरा, राजनीति में नैरेटिव बदला है, अब सिर्फ 'स्थिरता' नहीं, बल्कि 'न्याय और समान अवसर' की भाषा असर कर रही है। यही कारण है कि यह चुनाव भावनात्मक नहीं, बल्कि संरचनात्मक बदलाव का संकेत देता है। ऐसा नहीं लगता कि तारीक रहमान के नेतृत्व में आने वाली सरकार सहजता से शासन कर पाएगी। शपथ लेने के साथ ही उनकी असली चुनौती शुरू होती है। नया नेतृत्व जितना शक्तिशाली जनादेश लेकर आया है, उतनी ही बड़ी उसकी ज़िम्मेदारी है। लोकतंत्र में बहुमत ताकत नहीं, उत्तरदायित्व होता है। यदि यह सरकार संस्थाओं को मजबूत करती है, विपक्षी आवाज़ों को सम्मान देती है और चुनावी जीत को 'सहमति की राजनीति' में बदलती है, तो बांग्लादेश एक



नई लोकतांत्रिक स्थिरता की ओर बढ़ सकता है लेकिन यदि बहुमत 'वर्चस्व' में बदल गया, या फिर शेख हसीना की सरकार की तरह शक्तियों का केंद्रीकरण किया जाने लगा तो वही चक्र दोहराया जाएगा, जिससे बांग्लादेश बाहर निकला है। बांग्लादेश के राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक मोर्चे की तस्वीर उतनी चमकदार नहीं है, जितनी राजनीतिक मंच से दिखाई जाती है। विकास दर के दावों के बावजूद ज़मीनी सच्चाई बेरोज़गारी, महंगाई, विदेशी मुद्रा दबाव और असमान विकास की है। शहरी केंद्रों में समृद्धि का भ्रम है, लेकिन ग्रामीण और सीमावर्ती इलाकों में आर्थिक हाशियाकरण अब भी गहरा है। नया शासन अगर सिर्फ मैक्रो-इकोनॉमिक आंकड़ों में उलझा रहा और रोजगार-केंद्रित विकास मॉडल नहीं अपनाया, तो सामाजिक असंतोष जल्द ही राजनीतिक संकट में बदल सकता है। रही बात भारत-बांग्लादेश संबंधों की तो पिछले दशक में यह रिश्ता 'रणनीतिक साझेदारी' से 'रणनीतिक निर्भरता' की ओर बढ़ा था। ऊर्जा, ट्रांज़िट, व्यापार, सीमा-सुरक्षा के स्तर पर भारत की भूमिका निर्णायक रही, लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ ही इस रिश्ते की भाषा बदलेगी। हो सकता है कि नया शासन भारत को सहयोगी तो माने, लेकिन एकमात्र रणनीतिक विकल्प नहीं। यह फर्क सूक्ष्म है, पर निर्णायक। भारत अब 'स्वाभाविक साथी' रहेगा, पर 'विशेषाधिकार प्राप्त साझेदार' की उसकी भूमिका बदलती दिखाई दे रही है। यह बदलाव सीधे दक्षिण एशिया की जियो-पॉलिटिक्स को प्रभावित करेगा। बांग्लादेश का झुकाव बहु-ध्रुवीय विदेश नीति की ओर होगा, जहां भारत, चीन, खाड़ी देश, दक्षिण-पूर्व एशिया सभी समानांतर विकल्प होंगे। इसका अर्थ है कि भारत का क्षेत्रीय वर्चस्व नैरेटिव कमजोर हो सकता है और प्रतिस्पर्धात्मक कूटनीति का युग शुरू होने जा रहा है। यह केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि भू-आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी होगी-बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स, निवेश और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के स्तर पर। अब बांग्लादेश का जुड़ना इस क्षेत्र को एक ऐसे मोड़ पर ले जाएगा, जहां भारत को नेतृत्व 'स्वाभाविक' नहीं, बल्कि 'अर्जित' करना होगा। यानी सहयोग विश्वास से बनेगा, दबाव से नहीं। भारत के लिए यह क्षण आत्ममंथन का है। पड़ोस-नीति को सुरक्षा-केंद्रित चश्मे से देखने का समय अब खत्म हो रहा है। भारत को बांग्लादेश को "रणनीतिक फ्रंटलाइन" नहीं, बल्कि "समान साझेदार" के रूप में देखना होगा। भारत को अब शेख हसीना के समय में उपजे व्यक्तिवाद के समर्थन की रणनीति के बजाय कूटनीति का लोकतंत्रीकरण कर, आगे बढ़कर संबंधों का नवीकरण करना होगा।

शिक्षा, संस्कृति, युवा, मीडिया और नागरिक संवाद के स्तर पर निवेश बढ़ाना होगा। आर्थिक सहयोग का नया मॉडल, सिर्फ परियोजनाएं नहीं, बल्कि स्थानीय रोजगार-केंद्रित निवेश बनाना होगा और भाषा में संयम लाना पड़ेगा। भारत एवं बांग्लादेश दोनों देशों की सरकारों को समझना होगा कि हर मुद्दे को सुरक्षा समस्या बनाना रिश्तों को खोखला करता है। बहु-पक्षीय मंचों पर सक्रियता बिम्सटेक, क्षेत्रीय व्यापार मंचों और समुद्री सहयोग ढांचों में नेतृत्व संभालना है तो व्यावहारिक बना होगा और नई सरकार को समर्थन देते हुए शेख हसीना के मुद्दे को भी सुलझाना होगा। सच यह है कि भारत यदि बांग्लादेश को "प्रभाव-क्षेत्र" की तरह देखेगा, तो वह उसे धीरे-धीरे खो देगा और यदि उसे "साझा भविष्य" का भागीदार मानेगा, तो यह रिश्ता और गहरा होगा।

इतिहास गवाह है कि जो देश पड़ोस में लोकतंत्र को अवसर मानते हैं, वे स्थिर रहते हैं; जो उसे ख़तरा मानते हैं, वे अस्थिर होते हैं। बांग्लादेश ने अपना रास्ता चुन लिया है। अब भारत की बारी है कि वह अपनी राह चुने और एक-एक कर उसे दूर होते पड़ोसियों को चीन या पाकिस्तान की गोद में बैठने से बचाए।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

मुनीष भाटिया



# शिव दर्शन से सत्ता और न्याय का संतुलन संभव

आज के समय में जब समाज अनेक संकटों से जूझ रहा है, तब शिवजी की यह शिक्षा और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। अगर सामाजिक दृष्टि से देखा जाए, तो शिव का संदेश स्पष्ट है- समानता और समावेशिता। वे सभी वर्गों को समान दृष्टि से देखते हैं, चाहे वे किसी भी पृष्ठभूमि से आते हों। हम आधुनिक समाज में जाति, धर्म, वर्ग और संप्रदाय के नाम पर बंटे हुए हैं। हमारा सामाजिक ढांचा इतनी गहराई तक विभाजित हो चुका है कि हम मनुष्य की वास्तविक पहचान को भूल चुके हैं। शिव हमें यह सिखाते हैं कि किसी व्यक्ति की पहचान उसकी कर्मशीलता, उसकी सोच और उसके आचरण से होती है, न कि उसके जन्म से। अगर हम उनके इस सिद्धांत को आत्मसात करें, तो समाज में व्याप्त असमानता, भेदभाव और वैमनस्य को खत्म किया जा सकता है। इसके अलावा, मानसिक तनाव और अवसाद आज एक वैश्विक समस्या बन चुके हैं। लोग भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में इतने व्यस्त हो गए हैं कि मानसिक शांति खोते जा रहे हैं। शिव का योग और ध्यान से जुड़ा दर्शन यह दर्शाता है कि मानसिक शांति के लिए आंतरिक संतुलन आवश्यक है। वे विलासिता से दूर रहते हैं और सरलता को अपनाने का संदेश देते हैं। शिवजी के जीवन में एक और महत्वपूर्ण पक्ष है-उनकी सादगी। वे एक महान योगी हैं, जो भौतिक सुख-सुविधाओं से दूर रहते हैं। वे कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं, जो ठंड और कठोरता का प्रतीक है। उनके शरीर पर भस्म लगी होती है, जो यह दर्शाती है कि सांसारिक मोह-माया का अंत निश्चित है। वे यह संदेश देते हैं कि जीवन का असली आनंद भौतिक वस्तुओं में नहीं, बल्कि संतोष में है। आधुनिक समय में हम एक उपभोक्तावादी संस्कृति में जी रहे हैं, जहां हर कोई अधिक से अधिक भौतिक सुख-साधनों की लालसा रखता है। इस लालसा का कोई अंत नहीं है, और अंततः यह मानसिक अशांति और सामाजिक असंतुलन को जन्म देती है। शिव का दृष्टिकोण हमें यह सिखाता है कि जीवन में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है, न तो पूरी तरह भौतिकता में डूबना सही है और न ही पूरी तरह से विमुख होना। शिव का जीवन मितव्ययिता और श्रम की महत्ता को दर्शाता है। उनकी विचारधारा हमें यह सिखाती है कि संसाधनों का न्यायसंगत वितरण होना चाहिए और श्रम को उचित सम्मान मिलना चाहिए।

यदि हम इस दर्शन को अपनाएं तो धन और संसाधनों का अधिक समान वितरण सुनिश्चित कर सकते हैं। भगवान शिव केवल एक देवता नहीं हैं, वे एक संपूर्ण जीवन दर्शन हैं। शिव को त्याग, संतुलन और न्याय का प्रतीक माना जाता है। वे उन आदर्शों को प्रस्तुत करते हैं, जो किसी भी समाज, अर्थव्यवस्था और शासन प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। उनका जीवन संदेश देता है कि शक्ति का सही उपयोग समाज कल्याण के लिए होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए। वे त्याग, तपस्या, न्याय और संतुलन के प्रतीक हैं। उनका व्यक्तित्व जितना सरल है, उतना ही गूढ़ भी। वे संहार करते हैं, लेकिन केवल तभी जब समाज में अन्याय, अधर्म और अराजकता अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाती है। शिवजी को नीलकंठ कहा जाता है क्योंकि उन्होंने समुद्र मंथन से निकले विष को अपने गले में धारण किया था। यह विष सम्पूर्ण संसार को नष्ट कर सकता था, लेकिन शिव ने उसे अपने भीतर समाहित कर लिया ताकि समाज सुरक्षित रहे। इस घटना का गहरा सांकेतिक अर्थ है। यह हमें बताता है कि समाज में बदलाव लाने के लिए, बुराइयों को समाप्त करने के लिए, सही नेतृत्व आवश्यक है। एक ऐसा नेतृत्व जो बलिदान देने को तैयार हो, जो समाज के कल्याण के लिए स्वयं कष्ट उठाने से न हिचके। राजनीतिक दृष्टि से शिव नेतृत्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। वे न्यायप्रिय हैं, लेकिन जब अन्याय अपनी सीमा पार कर लेता है, तो वे कठोर निर्णय लेने में संकोच नहीं करते। यह दृष्टिकोण प्रशासन के लिए एक आदर्श हो सकता है, जहां निर्णय न्याय और नीति के आधार पर लिए जाएं। वे सत्ता और शक्ति का उपयोग व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि संतुलन बनाए रखने के लिए करते हैं। वे दंड और प्रेम का संतुलन बनाए रखते हैं। यदि हम शिव के विचारों को आत्मसात करें, तो एक अधिक न्यायसंगत, संतुलित और समावेशी समाज का निर्माण संभव है। उनके दर्शन में केवल अतीत की शिक्षाएं नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की समस्याओं के समाधान भी छिपे हैं। आज जब विश्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, तब हमें शिव के संतुलन, न्याय और कर्मशीलता के सिद्धांत को अपनाने की आवश्यकता है, ताकि समाज, अर्थव्यवस्था और राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन में सफलता पाने मन पर अंकुश लगाना ज़रूरी




संकलित
दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

## मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी



संकलित
प्रेरणा

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहाँ से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडो को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नही। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## शिव प्रतिमा का निर्माण



पश्चिम बंगाल के नादिया में शुक्रवार को एक वर्कशॉप में शिवरात्रि से पहले एक कारीगर भगवान शिव के मिट्टी की प्रतिमा को अंतिम आकार देते हुए।

## आज की पाती

### रोजगार निगल जाएगी एआई तकनीक

कुछ समय पहले अमेरिका में मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीच्यूट की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एआई अमेरिका में भी रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2030 तक वहां बहुत से लोगों का रोजगार यह तकनीक छीन सकती है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की नौकरी इस तकनीक से जा सकती है। कुछ लोग एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के अवसर में भी मौका ढूंढने के पक्ष में विचार रख रहे हैं। परिवर्तन प्रकृति का भी नियम है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि कोई परिवर्तन हर किसी के लिए लाभदायक ही हो।

- सतीश चौबे, भिलाई

## X ट्रेंड

### समृद्ध राष्ट्र की नींव



आर्थिक प्रगति से समृद्धि बढ़ती है तथा तकनीकी प्रगति नवाचार, दक्षता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती है। ये एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं। लेकिन नैतिकता-विहीन आर्थिक और तकनीकी विकास समाज में असंतुलन पैदा कर सकते हैं।

- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### हर रोज नया बहाना



संसद को बाधित करने के लिए हर रोज नया बहाना गढ़ना अब कांग्रेस की कार्यशैली नहीं, उसकी पहचान बन चुकी है। नेता प्रतिपक्ष होते हुए भी राहुल गांधी ने जिम्मेदारी का नहीं, अराजकता का रास्ता चुना है। झूठ बोलो और बार-बार बोलो की राजनीति अब उनकी राजनीतिक पहचान है।

- धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### विशेषाधिकार प्रस्ताव लाएं



एफआईआर हो, मुकदमा दर्ज हो या विशेषाधिकार प्रस्ताव लाएं - मैं किसानों के लिए लड़ूंगा। जो भी ट्रेड डील किसानों की रोज़ी-रोटी छीने या देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करे, वह किसान-विरोधी है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### 'सेवा तीर्थ' का उद्घाटन




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'सेवा तीर्थ' का उद्घाटन नए भारत की आधुनिक कार्य संस्कृति का एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। पीएमओ, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय का एक ही छत के नीचे आना 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' को चरितार्थ करेगा।

- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर


# पाकिस्तान में नौ शेर व दो जिराफ को दया मृत्यु दी गई



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में असाध्य वंशानुगत बीमारियों से पीड़ित नौ शेरों और दो जिराफों को 'दया मृत्यु' दे दी गई। लाहौर सफारी पार्क में लगभग 30-40 शेर हैं, जबकि जिराफों की यह जोड़ी अक्टूबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई थी। वन्यजीव विभाग के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि नौ में से सात शेर सफारी पार्क के थे, जबकि दो स्थानीय चिड़ियाघरों से लाए गए थे। पंजाब की वरिष्ठ मंत्री मरियम औरंगजेब ने कहा कि बीमार शेरों को पशु चिकित्सकों की सलाह पर प्रांत के विभिन्न चिड़ियाघरों से लाहौर सफारी पार्क भेजा गया था। मंत्री ने एक बयान में कहा, /"कुछ शेर असाध्य वंशानुगत बीमारियों से ग्रस्त थे, जबकि कुछ ऐसे रोग से पीड़ित थे जिनका कोई प्रभावी इलाज संभव नहीं था।/" उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सकों और वन्यजीव विशेषज्ञों की एक समिति ने इन मामलों की समीक्षा की थी। मंत्री ने कहा, /"लाइलाज बीमारियों से पीड़ित पशुओं को आगे की पीड़ा से बचाने के लिए 'दया मृत्यु' देना वैश्विक स्तर पर मानक प्रथा है और पाकिस्तान के वन्यजीव कानूनों में भी इसका प्रावधान है।

## ऑफ बीट

# आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है क्या बीमारी है



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे - जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
शनिवार 14 फरवरी 2026
फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वादशी
वर्ष : 25, अंक : 323
पृष्ठ : 12+6 =18, मूल्य : 5 .00***

**मौसम**
अधि. 32.5
न्यून. 18.4

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# पंच-सरपंच, पार्षद पति नहीं चलेगा, प्रॉक्सी प्रतिनिधि की नियुक्ति पर रोक का आदेश

**खास खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों की निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार-नातेदार अब उनके प्रॉक्सी प्रतिनिधि या लायजन पर्सन के रूप में काम नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इनकी नियुक्ति पर रोक का आदेश जारी किया है। यही नहीं, निकायों से यह ब्योरा भी मांगा गया है कि किस महिला प्रतिनिधि के रिश्तेदार यह काम कर रहे हैं।

### अब बताओ कितने रिश्तेदार हैं प्रतिनिधि

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों को एक प्रोफार्मा भेजकर रिश्तेदारी में बने प्रतिनिधियों का ब्योरा कुछ बिंदुओं के आधार पर मांगा है। जिले और निकाय के नाम के साथ सासंद और विधायक द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि का नाम, यह भी बताना होगा कि नगर निगम, ▶▶| शेष पेज 6 पर

### निकायों को आदेश- बताओ किसके रिश्तेदार बने हैं प्रतिनिधि



### अब जारी हुआ ये आदेश

इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के रिश्तेदारों की प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त पर रोक लगाने का आदेश दिया है। यह आदेश राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को भेजा गया है।

### ये है मामला

राज्य शासन ने यह आदेश दरअसल इसलिए जारी किया है क्योंकि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प्रदेश के नगरीय निकायों में सांसद, विधायकों द्वारा निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार-नातेदार को प्रॉक्सी प्रतिनिधि या लाजयन पर्सन नियुक्त किए जाने पर भारतीय संविधान का उल्लंघन माना है। यही नहीं आयोग ने इस तरह के मामलों में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई का उल्लेख भी किया है। नगरपालिक अधिनियम में यह प्रावधान है कि सांसद-विधायकों द्वारा नगरीय निकायों में अपने प्रतिनिधि नियुक्त किए जाते हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का कहना है उनके संज्ञान में यह लाया गया है कि कतिपय निकायों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार-नातेदार को प्रॉक्सी प्रतिनिधि, लायजन पर्सन के रूप में नियुक्त किया जा रहा है।

### 16 साल पहले जारी हुआ था ये आदेश

अब से 16 साल पहले यानि वर्ष 2010 में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में एक आदेश जारी किया था। इस आदेश के निर्वाचित महिला पदाधिकारियों के कामकाज के संचालन के दौरान उनके सगे संबंधियों के हस्तक्षेप को प्रतिबंधित किया गया था। कहा गया था कि निकायों के कामकाज, बैठक आदि में महिला पदाधिकारी के कोई संबंधी रिश्तेदार भाग नहीं लेंगे और न ही हस्तक्षेप दखलंदाजी करेंगे। और न ही किसी विषय पर किसी भी पदाधिकारी, कर्मियों को महिला पदाधिकारी की ओर से निर्णय लेकर सूचित करेंगे। इस तरह के मामलों में कार्रवाई के लिए कहा गया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बार मानवाधिकार आयोग ने इसे संविधान के खिलाफ बताते हुए कार्रवाई के लिए भी कहा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### बैंक धोखाधड़ी, 200 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को बताया कि उसने धनशोधन मामले की जांच के तहत अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 200 करोड़ रुपए मूल्य के होटल, रिजॉर्ट और भूखंड की कुर्की की है। कुर्क की गईं संपत्तियां अंडमान एवं निकोबार स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में हुए 500 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले से 'प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से' प्राप्त हुई थीं या उसमें जुड़ी हुई थीं। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अंतरिम आदेश जारी होने के बाद कुल 51 अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया है, जिनकी कीमत 200.02 करोड़ रुपए है।

### बजट सत्र का पहला चरण पूरा : लोकसभा-राज्यसभा नौ मार्च तक के लिए स्थगित

# पुरी के इस्तीफे की मांग पर हंगामा, भाजपा ने कहा-संसद को बाधित करने के नए-नए बहाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद में शुक्रवार को बजट सत्र का पहला चरण संपन्न हो गया तथा लोकसभा एवं राज्यसभा की बैठक को नौ मार्च के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा में आज केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल नहीं चल सका और सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद नौ मार्च सुबह 11 बजे के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे आरंभ हुई तो पीठासीन सभापति संध्या राय ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए और फिर 12 बजकर छह मिनट पर सभा ▶▶| शेष पेज 6 पर

कांग्रेस ने एप्स्टीन मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी को जमकर घेरा। संसद के भीतर पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा हुआ। प्रश्नकाल नहीं चल सका। इसके बाद बजट सत्र 9 मार्च तक के लिए स्थगित हो गया। संसद परिसर के भीतर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इधर, भाजपा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी सदन की कार्यवाही ठप करने के लिए 'नए-नए बहाने' तलाशते हैं।

### कांग्रेस ने सरकार से मांगा स्पष्टीकरण

कांग्रेस ने एप्स्टीन मामले में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के स्पष्टीकरण को 'सरासर झूठ' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि पुरी किसकी तरफ से जेफ्री एप्स्टीन से संपर्क में थे। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने इस मंत्री से तत्काल इस्तीफा लेना चाहिए। खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, 'हरदीप सिंह पुरी ने एक साक्षात्कार में कहा कि मेरी एप्स्टीन से ज्यादा बात नहीं हुई।

संसद के बाहर-भीतर एपस्टीन मामले पर घमासान




### 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' के नारे

विपक्षी सांसदों ने एप्सटीन फाइल से जुड़े मामले में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए संसद परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद भवन के मकर द्वार के निकट एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' के नारे लगाए।

### प्रधान बोले-बहाने गढ़ना कांग्रेस की पहचान

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा के बार-बार बाधित होने का हवाला देते हुए



कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को 'बयान बहादुर' करार देते हुए कहा कि गांधी सदन की कार्यवाही ठप करने के लिए 'नये-नये बहाने' तलाशते हैं। प्रधान ने 'एक्स' पर कहा, 'संसद को बाधित करने के लिए हर रोज नया बहाना गढ़ना अब कांग्रेस की कार्यशैली ही नहीं, (बल्कि) उसकी पहचान बन चुकी है। हर सत्र में एक ही स्क्रिप्ट दोहराई जाती है- हंगामा, शोर, झूठ और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सुनियोजित उल्लंघन।

**घटना विधानसभा थाना क्षेत्र की**

## साइकिल से भिड़ी बाइक दंपति समेत तीन की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। गुरुवार को एक तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार दंपति को रौंद दिया। बाइक की चपेट में आने से दंपति सहित तीन की मौत हो गई। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका रायपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे की वजह अंधेरा को बताया जा रहा है। एक्सीडेंट में टेकारी निवासी भोजराम विश्वकर्मा तथा उसकी पत्नी प्यारी बाई के साथ ▶▶| शेष पेज 6 पर

### अंधेरा बना हादसे की वजह

जहां एक्सीडेट की घटना हुई है, उस मार्ग में स्ट्रीट लाइट नहीं थी। इसके अलावा बाइक की लाइट भी कमजोर होना बताया जा रहा है, जिसके कारण बाइक चालक को सामने जा रहे साइकिल सवार दंपति नहीं दिखी और हादसा हो गया। मृतक टीवीएस कंपनी की रेसिंग बाइक अपाचे में था। रेसिंग बाइक की रफ्तार सामान्य बाइक से ज्यादा रहती है। अचानक सामने साइकिल सवार को देखने के बाद शुभम हड़बड़ा गया और बाइक की रफ्तार पर कंट्रोल नहीं कर पाया।



# रामपुकार सिंह की याचिका पर चुनाव आयोग को 26 फरवरी तक का समय

## 255 वोटों से चुनाव हार गए थे कांग्रेस प्रत्याशी



बिलासपुर। कांग्रेस प्रत्याशी रामपुकार सिंह की ओर से पुनर्मतगणना का आवेदन निरस्त करने संबन्धी कलेक्टर के आदेश की मांग हाईकोर्ट के समक्ष की गई है। कोर्ट ने इस संबन्ध में चुनाव आयोग के वकील को जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए 26 फरवरी को अगली सुनवाई रखी है।

वर्ष 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में पत्थलगांव क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गोमती साय की जीत हुई थी। कांग्रेस प्रत्याशी रामपुकार सिंह ने याचिका दायर कर उनके निर्वाचन को चुनौती दी है। दरअसल रामपुकार 255 वोटों से चुनाव हार गए थे। मामले में 24 जनवरी 2024 को कोर्ट ने गोमती साय सहित 6 प्रत्याशियों को नोटिस जारी किया था। याचिकाकर्ता के वकील ने शुक्रवार को कोर्ट को बताया कि निर्वाचन अधिकारी द्वारा पुनर्मतगणना आदेश निरस्त करने का आदेश याचिकाकर्ता को नहीं दिया जा रहा, जो कि मामले को आगे बढाने के लिए जरूरी है। इससे याचिका की सुनवाई भी प्रभावित हो रही है। कांग्रेस उम्मीदवार रामपुकार सिंह ने याचिका में कहा है कि, पोस्टल बैलेट का नियमानुसार हिसाब नहीं रखा गया। उनको बड़ी संख्या में मिले वोटों को निरस्त कर दिया गया। वीवीपैट का मिलान भी ईवीएम से नहीं किया गया। रामपुकार की याचिका में यह भी बताया गया है कि उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर को रिकाउंटिंग का आवेदन किया था, जिसे निरस्त कर दिया गया और मांगने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरस्तीकरण आदेश की कॉपी भी नहीं दी। याचिका में आरोप है कि चुनाव आयोग के सभी आवश्यक दिशा निर्देशों का उल्लंघन करते हुए याचिकाकर्ता या उसके इलेक्शन एजेंट को बिना जानकारी दिए गोमती साय को निर्वाचित घोषित किया गया है।

# युवा मनरेगा संशोधन संग्राम : नए नियम पूर्ण नहीं करेंगे मनरेगा के उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मनरेगा संशोधन के विरोध में यूथ कांग्रेस ने अब सड़क पर उतरने का फैसला किया है। प्रदेश यूथ कांग्रेस द्वारा युवा मनरेगा संशोधन संग्राम का आयोजन गुरुवार को पंडित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल महाविद्यालय ऑडिटोरियम में किया गया। इस प्रदेश स्तरीय युवा महापंचायत में उमड़ा हजार से अधिक युवा शामिल हुए। लोकसभा से लेकर पंचायत स्तर तक चुनाव लड़ चुके युवाओं तथा एसटी-एससी व ओबीसी वर्ग के युवाओं को इस महापंचायत में प्रमुख स्थान दिया गया। प्रदेश के सभी जिलों और हर विधानसभा क्षेत्र से आए युवाओं ने मनरेगा संशोधन के मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा योजना के नाम और कार्यशैली में किए गए बदलाव रोजगार अधिकार पर सीधा आघात है। राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा ने कहा, कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई मनरेगा योजना का उद्देश्य हर नागरिक को रोजगार देना था, लेकिन आज इसे कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। हम सड़क से लेकर संसद तक लड़ेंगे। वहीं राष्ट्रीयाध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा, हम सभी मिलकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ एकजुट लड़ाई लड़ेंगे।

मनरेगा के 100 दिन के रोजगार की गारंटी को खत्म करने का प्रयास किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है।

गृहमंत्री ने सरकार की उपलब्धियों एवं आगामी रणनीतियों की जानकारी की साझा

# धर्मांतरण पर सख्ती, 23 बरस में जितने मामले दर्ज हुए, उतने दो साल में ही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने गृह एवं जेल विभाग की उपलब्धियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया, सरकार बनने के साथ ही हम एक नई सोच को लेकर कार्य कर रहे हैं। राज्य की क्षमता में विस्तार के लिए नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन अन्तर्गत आईसीजेएस के तहत पांचो स्तंभों पुलिस, अभियोजन, फारेंसिक, जेल एवं न्यायालय को एकीकृत करने की प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ राज्य अग्रणी है। दुर्ग एवं बिलासपुर जिले पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर पांचो पिलर्स को एकीकृत कर एक मॉडल जिले के रूप में उभर कर सामने आए हैं। पहले पुलिस को साक्ष्यों को लेकर कई बार समास्याओं का सामना करना पड़ता था, अब ई-साक्ष्य के आने से तुरंत साक्ष्य उपलब्ध हो रहे हैं। इससे पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने धर्मांतरण के मुद्दे पर कहा कि इसे रोकने के लिए सरकार कई कदम उठा रही है।

■ गृहमंत्री विजय शर्मा ने पत्रकारों से की चर्चा

श्री शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, पुलिस कार्यों के आधुनिकीकरण के लिए सीसीटीएनएस द्वारा मेडलीपार, ई- साक्ष्य, ई -सम्मन, ऑनलाइन एफआईआर, ई- साइन, ई- कोर्ट, ई- श्रुति द्वारा कार्यों को त्वरित और आसान बनाया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को न्याय प्राप्ति में आसानी होगी। पुलिस कर्मियों के लिए अब तक किसी प्रकार की बीमा की व्यवस्था नहीं थी, जिसपर ध्यान देते हुए सरकार द्वारा आठ बैंकों के साथ एमओयू कर बिना किसी प्रीमियम के सैलरी अकाउंट पर बीमा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### धर्मांतरण के मामलों पर विशेष ध्यान

श्री शर्मा ने बताया, धर्मांतरण के मामलों पर सरकार विशेष ध्यान देते हुए इन्हें रोकने के लिए संलग्न लोगों पर कार्रवाई कर रही है सरकार बनने के 23 वर्षों में जितने मामले दर्ज हुए थे उससे दोगुने मामले पिछले 2 वर्षों में दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया, प्रदेश में गौवंश वध, परिवहन एवं व्यापार की रोकथाम हेतु पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### बस्तर में शांति के लिए सरकार प्रतिबद्ध

नक्सलवाद के अंत के संबंध में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट किया की शासन बस्तर में शांति के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। सशस्त्र नक्सलवाद के खात्मे के लिए केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा तय की गई 31 मार्च 2026 का दिन निर्धारित है, जिस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार अडिग है।

### नशे के व्यापार पर भी नकेल

गृह मंत्री श्री शर्मा ने बताया, राज्य में नशे व्यापार के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत लगातार कार्य किया जा रहा है। आदतन आरोपी के विरूद्ध निरोधक आदेश जारी कर एनडीपीएसए के वित्तीय जांच कर नशे के व्यापारियों की वित्तीय आधार खत्म करने के लिए उनकी सम्पत्ति जब्त कर उसे नीलाम करने का भी कार्य किया जा रहा है।

### अवैध प्रवासियों पर लगातार कार्रवाई

अवैध प्रवासियों पर सख्त रुख अपनाते हुए उन्होंने बताया कि राज्य में टोल फ्री नम्बर जारी कर अवैध प्रवासियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए अवैध प्रवासियों की पहचान कर विशेष टास्क फोर्स का गठन द्वारा उनकी गिरफ्तारी एवं विदेशी नागरिक अधिनियम के तहत उन पर कार्रवाई करते हुए 34 लोगों को देश से निष्कासित करने का भी कार्य किया गया है। विचाराधीन लोगों के लिए होल्डिंग सेंटर भी बनाये गए हैं जहां उनकी जांच कर नियमानुसार प्रक्रिया की जा रही है। सरकार द्वारा एंटी टेरीरिस्ट स्क्वाड को भी क्रियाशील करने का कार्य किया है जहां बनने के बाद से अब तक इसमें कोई केस दर्ज नहीं हुआ था वर्ष 2025 में इसके द्वारा पहली बार कार्रवाई की गई थी।

# हाथियों की बिजली करंट से मौत हाईकोर्ट की मानिटरिंग जारी रहेगी

बिलासपुर। रायगढ़ जिले के घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के साथ ही अचानकमार टाइगर रिजर्व एरिया में हाथियों की बिजली करंट से मौत पर हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने वन्य प्राणियों की मौत को जनहित याचिका मानकर सुनवाई शुरू की है।

कोर्ट ने मामले में लगातार मानिटरिंग की बात कही है। इससे पहले मामले में राज्य शासन के ऊर्जा विभाग के सचिव और छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर ने शपथ पत्र पेश किया था।

ध्यान रहे कि करीब साल भर पहले धरमजयगढ़ में बिजली करंट से 3 हाथियों की मौत हो गई थी। इसके बाद अचानकमार टाइगर रिजर्व एरिया में हाथी के शावक की लाश मिली थी। इसमें भी बताया गया कि बिजली करंट से शावक की जान गई है। मीडिया में प्रकाशित इन खबरों पर हाईकोर्ट ने गंभीरता दिखाई है। साथ ही इस लापरवाही को जनहित याचिका मानकर सुनवाई शुरू की है। रायपुर के वन्य जीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने भी जनहित याचिका में हस्तक्षेप याचिका दायर की है। इसमें बताया कि बिलासपुर वन मंडल में भी बिजली करंट से एक हाथी शावक की मौत हो गई थी। इसके साथ ही बिजली तार टूटने से कांकेर में तीन भालू की मौत हो गई थी। इसके साथ ही शिकार करने के लिए लगाए गए बिजली तार से कोरबा में दो लोग मारे गए थे और शिकार करने के लिए लगाए गए बिजली तार से अंबिकापुर के बसंतपुर के जंगल में एक व्यक्ति की मौत हुई है। कोर्ट ने इस हस्तक्षेप याचिका को स्वीकार किया है।

# प्रमोशन के लिए डीपीसी की बैठक में देर इसलिए... क्योंकि समय पर नहीं लिखा जा रही है गोपनीय चरित्रावली

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ की नौकरशाही में अक्सर ये बात सामने आती है कि विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक देर से होती है, इसकी वजह से प्रमोशन मिलने में विलंब होता है। डीपीसी में देर क्यों होती है, इसका खुलासा छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग के 24वें वार्षिक प्रतिवेदन में किया गया है। अब राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने सरकार के सभी विभागों को इस प्रतिवेदन में सामने आए तथ्यों का ब्योरा देते हुए कहा है कि सीजी पीएससी ने विभागों से जो अपेक्षा की है, उसके अनुरूप काम करें। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य सरकार के सभी विभागों के लिए इस संबंध में एक आदेश जारी किया है। कहा गया है कि - छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने चौबीसवाँ वार्षिक प्रतिवेदन 2024-2025 में, विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक एवं गोपनीय चरित्रावलियों का समय पर न लिखे जाने के संबंध में होने वाली समस्याओं की ओर शासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए, लिखा है कि विभागीय पदोन्नति के लिए प्रपत्र एवं चेकलिस्ट निर्धारित है, किन्तु अनेक विभागों द्वारा चेकलिस्ट के अनुसार प्रस्ताव आयोग को नहीं भेजे जाने से, बार-बार पत्राचार करना पड़ता है, जिससे समिति की बैठक आयोजित करने में विलंब होता है। विभागों द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक से संबंधित आवश्यक अभिलेख, प्रमाण पत्र, वार्षिक गोपनीय चरित्रावलियों की उपलब्धता की जानकारी आदि आयोग को, प्रस्ताव के साथ ही भेजे जाने चाहिए।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ शासन के बीच उन्नत वेतन पैकेज के लिए एमओयू

रायपुर।छत्तीसगढ़ सरकार के नियमित कर्मचारियों को आकर्षक एवं व्यापक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक ऑफ महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ शासन के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत बैंक में वेतन खाता संचालित करने वाले राज्य सरकार के सभी नियमित कर्मचारियों को 'गवर्नमेंट प्राइड सैलेरी सेविंग स्कीम' के अंतर्गत उन्नत निःशुल्क सुविधाएं एवं बीमा कवर प्रदान किए जाएंगे। समझौते के अनुसार बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा खाताधारक कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा एक करोड़ 25 लाख रूपए तक, हवाई दुर्घटना बीमा एक करोड़ रूपए तक, स्थायी पूर्ण विकलांगता कवर एक करोड़ 25 लाख रूपए तक तथा टर्म इंश्योरेंस 10 लाख रूपए प्रदान किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ के स्तरीय रेस्टोरेंट अब नहीं बेच सकते सस्ती शराब, पिलानी होगी हाई ग्रेड

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी स्तरीय रेस्टोरेंट में अब कम कीमत वाली सी ग्रेड की शराब नहीं बेची जा सकेगी। ये रेस्टोरेंट अब केवल हाईग्रेड की शराब ही बेच पाएंगे। आबकारी विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो राज्य की नई बार पॉलिसी में यह एक नई शर्त शामिल की गई है। यही नहीं, किसी होटल या बैंकेट हाल में अगर कोई शराब पार्टी देना चाहता है, तो उसे अनुमति के लिए आबकारी कमिश्नर के पास आवेदन नहीं करना होगा, जिले के कलेक्टर ही यह अनुमति देने के लिए अधिकृत किए गए हैं।

राज्य में 1 अप्रैल से शराब बिक्री का नया वित्तीय वर्ष शुरु होगा। सरकार के नियम के मुताबिक हर साल के लिए नीति निर्धारण किया जाता है और निर्देश जारी होते हैं। इसी क्रम में वर्ष 2026-27 के लिए भी बार पॉलिसी जारी की गई है। अब से पहले स्तरीय रेस्टोरेंट में किस तरह की शराब पिलाना है इसका कोई हिसाब तय नहीं था। लेकिन अब बदलाव ये हुआ कि स्तरीय रेस्टोरेंट केवल हाइग्रेड शराब ही पिलाएंगे। जानकारों का मानना है कि इसके पीछे ये वजह हो सकती है कि स्तरीय रेस्टोरेंट में सी ग्रेड की शराब उपलब्ध ही न रहे। वहां अगर हाईग्रेड की शराब बिकेगी तो उसी अनुपात में सरकार को राजस्व भी मिलेगा।

नई बार पॉलिसी में वर्ष 2026-27 के लिए होटल के बैंक्वेट हॉल आदि में आयोजित पार्टी या कान्फ्रेन्स के लिए एफ.एल.5/एफएल 5 क लाइसेंस प्राप्त किये जाने हेतु आबकारी आयुक्त से पूर्वानुमति लिये जाने संबंधी प्रावधान को समाप्त किया गया है।। ऐसी अनुज्ञप्ति( लाइसेंस) संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा की जा सकेगी। एफएल5 एवं एफएल 5 क लाइसेंस जिले के कलेक्टर द्वारा जारी करने के पूर्व, आवेदित स्थल का नियमानुसार निरीक्षण किया जाएगा। अनुज्ञप्ति धारक के लिए यह अनिवार्य शर्त होगी कि आयोजित होने वाली पार्टी या आयोजन या कांफ्रेन्स संबंधी विवरण का अभिलेख रखेगा। आबकारी विभाग के निरीक्षणकर्ता अधिकारी को निरीक्षण के समय अभिलेख का अवलोकन भी कराया जावेगा। पीने-पिलाने की अवधि दोपहर 12 से रात 12 बजे तक होगी।

नीति में ये साफ किया गया है कि एफएल5 और 5क अनुज्ञप्ति की अवधि की समाप्ति पर अनुज्ञप्तिधारी द्वारा बचत मदिरा स्कंध( स्टॉक) का संपूर्ण विवरण सहित अभ्यर्पण हेतु प्रस्तुत किया जावेगा तथा उपभोग से शेष रही मदिरा का अभ्यर्पण नहीं किये जाने की दशा में उक्त मदिरा अवैध मानी जावेगी।

**C.G. Rajya Beej Evam Krishi Vikas Nigam Ltd.**
Telibandha, G.E. Road, Raipur Phone No.-0771-4212203/15/12/24
Website http://agriportal.cg.nic.in/beejnigam

**NOTICE FOR INVITING TENDER**

S.NO./HO./BKVN/Tender-/2025-26/9370/71 Date - 13/02/2026

OnlineTender are invited for supply of following items for the year 2025-26 onwards as per terms & condition mentioned in Tender document.

| S. N. | Name of Itmes | Opening Date | Last Date | E.M.D. (Online) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बीज प्रक्रिया केन्द्र बसना परिवहन कार्य (तृतीय प्रकाशन) | 14.02.2026 | 20.02.2026 | 17600.00 |
| 2 | बीज प्रक्रिया केन्द्र सरायपाली परिवहन कार्य (तृतीय प्रकाशन) | 14.02.2026 | 20.02.2026 | 11300.00 |
| 3 | बीज प्रक्रिया केन्द्र रुआबांधा परिवहन कार्य (तृतीय प्रकाशन) | 14.02.2026 | 20.02.2026 | 18800.00 |
| 4 | बीज प्रक्रिया केन्द्र शिवपुरी परिवहन कार्य (तृतीय प्रकाशन) | 14.02.2026 | 20.02.2026 | 13500.00 |
| 5 | बीज प्रक्रिया केन्द्र गीदम परिवहन कार्य (तृतीय प्रकाशन) | 14.02.2026 | 20.02.2026 | 30000.00 |
| 6 | बीज प्रक्रिया केन्द्र पथर्रा परिवहन कार्य (तृतीय प्रकाशन) | 14.02.2026 | 20.02.2026 | 20400.00 |

Tender documents and other details can be seen and downloaded from Website https://eproc.cgstate.gov.in/ and should be submitted online before the due date as per scheduled time mentioned in Tender document. Received offers will be opend on scheduled date in the presence of offerers or their represntative who wishes to be present. The document Price is Rs. 7080.00 and Earnest Money is to be Deposited online on or before due date as mention in Tender documents.

Note :- For any assistance please contact our serivce provider-M-Junction Services Limited.

**Managing Director**

**C.G. Rajya Beej Evam Krishi Vikas Nigam Ltd.,**
Telibandha, G.E. Road, Raipur (C.G.) Phone No.-0771-4212203/15/12/24
Website http://agriportal.cg.nic.in/beejnigam

**रूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.) तृतीय प्रकाशन**

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा बीज प्रमाणीकरण संस्था के माध्यम से पंजीकृत बीज उत्पादक कृषकों द्वारा उत्पादित धान बीज के उपार्जन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड की कार्यशील पूंजी की आवश्यकता की पूर्ति हेतु (खरीफ बीज उपार्जन) राशि रू. 100.00 करोड. (अक्षरी सौ करोड. मात्र) की साख – सीमा सुविधा के प्रस्ताव भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीयकृत बैंक, शेड्यूल्ड बैंक, प्रायवेट सेक्टर बैंक, अन्य कामर्शियल बैंक तथा वित्तीय संस्थाओं से रूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ. आई.) सीलबंद लिफाफा में प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड, तेलीबांधा, जी. ई. रोड, रायपुर छ.ग. के नाम से दिनांक 14.02.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 20.02.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक कक्ष क्रमांक 07, बीज निगम, मुख्यालय, तेलीबांधा, रायपुर, (छ.ग.) में आमंत्रित किये जाते है। प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 20.02.2026 को अपरान्ह निगम 04:00 बजे खोला जावेगा। विस्तृत विवरण निगम की वेबसाइट https://agriportal.cg.nic.in/beejnigam/Beej Hi/ में उपलब्ध है।

S.- 46903 प्रबंध संचालक

## राशिफल

**मेष** – मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** – परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** – संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** – किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** – आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते

**मीन** – शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**कार्यालय नगर पंचायत मल्हार जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

फोन नं. 07752-273990 - Email:-cmo_malhar@rediffmail.com

क्र./ 2454 / निविदा/न.पं./2025-26 मल्हार, दिनांक 13/02/2026

**द्वितीय ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत मल्हार में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) हेतु लोक निर्माण विभाग के एस.ओ.आर. (भवन निर्माण कार्य) दिनांक 01.01.2015 अंतर्गत द्वितीय ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | ई निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 185571 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (राधा रानी मंदिर के पास) वार्ड क्र.05 नगर पंचायत मल्हार। (RS. 10.00 Lac) (% RATE) (2nd CALL) (विधायक मद) | 13.02.2026 17:30 बजे से | 02.03.2026 17:30 बजे तक | 06.03.2026 16:00 बजे | 06.03.2026 16:30 बजे |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in/www.cg.uad.gov.in पर उपलब्ध है।

**'सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग प्रतिबंध है उपयोग नहीं करें, पर्यावरण स्वच्छ बनायें जुर्माने से बचें।''**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत मल्हार**

## शब्द पहेली - 6138



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 6137 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6148

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6147 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

*नई दिल्ली। भारतीय सेना ने अग्निवीर भर्ती 2026 की अधिसूचना जारी कर दी है, जिसमें जनरल ड्यूटी (जीडी), टेक्निकल, क्लर्क/स्टोरकीपर टेक्निकल, ट्रेड्समैन, सिपाही फार्मा, सैनिक टेक्निकल नर्सिंग असिस्टेंट और महिला मिलिट्री पुलिस जैसी विभिन्न श्रेणियों में 25,000 पदों पर भर्ती की जानी है। इन रिक्तियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया आज, 13 फरवरी से शुरू हो गई है और 1 अप्रैल, 2026 तक जारी रहेगी। इच्छुक उम्मीदवार भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट joinindianarmy.nic.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।*

## इंडियन आर्मी अग्निवीर भर्ती का इंतजार हुआ खत्म, आवेदन प्रक्रिया हुई शुरू

# अग्निवीरों को तोहफा : आयु सीमा में एक साल की हुई बढ़ोतरी, भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

### आठवीं से स्नातक योग्यता वाले करें आवेदन

ये रिक्तियां पद के अनुसार आठवीं से बारहवीं पास और स्नातक तक की योग्यता वाले उम्मीदवारों के लिए हैं। पिछले वर्षों की तुलना में आयु सीमा बढ़ा दी गई है, ऊपरी आयु सीमा में एक वर्ष की छूट दी गई है। अब 17.5 से 22 वर्ष की आयु के उम्मीदवार अग्निवीर जीडी, तकनीकी, क्लर्क/स्टोर कीपर और ट्रेड्समैन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### सभी वर्गों के उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस अनिवार्य

इंडियन आर्मी अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले सभी वर्गों के उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन शुल्क सभी कैटेगरी के उम्मीदवारों के लिए 250 रुपये निर्धारित की गई है।



### तीन चरणों में होगी पूरी भर्ती प्रक्रिया

इंडियन आर्मी अग्निवीर भर्ती की चयन प्रक्रिया में तीन चरण होते हैं- कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी), भर्ती रैली और दस्तावेज सत्यापन। ऑनलाइन परीक्षा में सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान, गणित, लॉजिकल रीजनिंग, फिजिक्स, केमिस्ट्री, कंप्यूटर साइंस और सामान्य अंग्रेजी जैसे विषय शामिल होते हैं, जो पद के अनुसार भिन्न होते हैं।

**सिपाही फार्मा व टेक्निकल के लिए भी बढ़ी आयु** : वहीं सिपाही टेक्निकल (एनए/एनए वेटरन) के लिए आयु सीमा 17.5 से 23 वर्ष है, जबकि सिपाही फार्मा के लिए यह 19 से 25 वर्ष है। यह छूट अधिकतम आयु सीमा बढ़ाने की व्यापक मांग के बाद दी गई है, और हालांकि सभी श्रेणियों के लिए इसे बढ़ाकर 23 वर्ष करने का अनुरोध था, सरकार ने अधिकांश पदों के लिए आंशिक रूप से एक वर्ष की वृद्धि प्रदान की है।

### विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग मापदंड

ग्रुप डिस्कशन (जीडी) पदों के लिए प्रश्नपत्र में 50 प्रश्न 100 अंकों के होते हैं, जबकि तकनीकी और क्लर्क/स्टोरकीपर पदों के लिए 50 प्रश्न 200 अंकों के होते हैं और विषय भिन्न होते हैं। सीबीटी उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवार भर्ती रैली में शामिल होते हैं, जिसमें 1.6 किमी दौड़, पुल-अप्स, 9 फीट की खाई, जिग-जैग संतुलन, शारीरिक माप परीक्षा और चिकित्सा परीक्षा शामिल होती है।

### जेसीओ धार्मिक शिक्षक

हिन्दू कैंडिडेट शास्त्री/आचार्य संस्कृत कर्म कांड विषय में एक साल का डिप्लोमा किया हो। आरटी बुद्धिस्ट के लिए बैचलर डिग्री किसी भी स्ट्रीम में, आरटी मौलवी के लिए मुस्लिम कैंडिडेड किसी भी स्ट्रीम से बैचलर डिग्री, आलिम ऐराबिका, अदीब ए माहिर/उर्दू माहिर उर्दू। इसी तरह आरटी पादरी, आरटी ग्रंथी के लिए भी बैचलर डिग्री और संबंधित विषय की नॉलेज होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री खडसे पत्नी सहित अदालत में हुए पेश



**मुंबई।** पुणे में एक विवादित भूमि सौदे से जुड़े कथित धन शोधन मामले में आरोपी महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे और उनकी पत्नी शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत के समक्ष पेश हुए, जिसके परिणामस्वरूप अदालत ने उनके खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट को रद्द कर दिया। सांसदों, विधायकों के मामलों के विशेष न्यायाधीश महेश जाधव ने पिछले सप्ताह दंपति के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था क्योंकि वे अदालत में पेश नहीं हुए थे, जहां मामले में आरोप तय करने के लिए उनकी उपस्थिति आवश्यक थी।

### फिल्मकार विक्रम भट्ट की पत्नी को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने प्रसिद्ध फिल्मकार विक्रम भट्ट की पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के एक मामले में जमानत दे दी। उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान पुलिस और शिकायतकर्ता अजय मुर्डिया से 18 फरवरी तक जवाब मांगा है और कहा है कि वह विक्रम भट्ट की जमानत याचिका पर एक दिन बाद विचार कर सकता है। अजय मुर्डिया 'इंदिरा आईवीएफ एंड फर्टिलिटी सेंटर' के संस्थापक और उदयपुर निवासी हैं।

### तारिक रहमान के सत्ता में आने के बाद दोनों देशों के बीच जमी बर्फ पिघलने की उम्मीद

# बांग्लादेश में बीएनपी की ऐतिहासिक जीत, भारत से रिश्तों में बदलाव के संकेत, मोदी ने दी बधाई

*बांग्लादेश के आम चुनाव में तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीएनपी ने 300 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है और सरकार बनाने जा रही है। तारिक रहमान अब देश के अगले प्रधानमंत्री होंगे। भारत के पीएम मोदी ने गुरुवार 12 फरवरी को हुए चुनाव में बीएनपी की जीत पर तारिक रहमान को बधाई दी थी।*

एजेंसी ▶▶ ढाका

बीएनपी के चुनाव मामलों के समन्वय समिति प्रमुख नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि हम पार्टी की ओर से पीएम मोदी को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि तारिक रहमान के नेतृत्व में भारत और बांग्लादेश के रिश्ते और मजबूत होंगे। पीएम मोदी का यह बधाई संदेश दोनों देशों के संबंधों में संभावित बदलाव का संकेत माना जा रहा है। अब बीएनपी के सत्ता में आने के बाद दोनों देशों के बीच जमी बर्फ पिघलने की उम्मीद है। बीएनपी नेता ने भी साफ किया है कि वे दोनों देशों के रिश्ते मजबूत करना चाहते हैं। गौरतलब है कि शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद से ही भारत बीएनपी के संपर्क में था। दिसंबर में खालिदा जिया के निधन पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ढाका गए थे। जयशंकर ने उस दौरान तारिक रहमान से मुलाकात कर पीएम मोदी का शोक संदेश दिया था।

### तारिक ने विदेश नीति को लेकर दिए संकेत

चुनाव से पहले बीएनपी द्वारा जारी एक दस्तावेज के मुताबिक, बीएनपी किसी दूसरे देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगी और न ही कोई सुरक्षा खतरा पैदा करेगी। हालांकि, कोई देश बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करेगा या किसी तरह का खतरा पैदा करेगा तो कड़ा प्रतिरोध किया जाएगा। दस्तावेज में कहा गया है, विदेशी संबंधों में बांग्लादेश के राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। बीएनपी मुस्लिम उम्मत और पड़ोसी देशों के साथ विशेष संबंध स्थापित करेगी।



### खालिदा के समय कैसे थे भारत-बांग्लादेश संबंध?

*तारिक से पहले बीएनपी का नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया करती थीं। उन्होंने 3 बार शासन किया। आमतौर पर भारत उनके शासन को कम भरोसेमंद और सहयोगात्मक मानता था। उनके कार्यकाल में संबंधों में हल्का तनाव और रणनीतिक सहयोग सीमित रहा। बीएनपी के बयानों में अक्सर भारतीय पहलों को वर्चस्ववादी और असमान बताया जाता था, पारगमन व्यवस्थाओं का विरोध किया जाता था और अनसुलझे विवादों को उजागर किया जाता था।*

### जिया विद्रोही समूहों को देती रहीं समर्थन

जिया के शासनकाल में ढाका ने कथित तौर पर यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम, नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड और अन्य विद्रोही समूहों को शरण, प्रशिक्षण और रसद सहायता प्रदान की। एक विश्लेषण के मुताबिक, इन समूहों ने भारत में हमले शुरू करने के लिए बांग्लादेशी क्षेत्र का इस्तेमाल किया। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि जिया ने पूर्वोत्तर में इन विद्रोही समूहों और अलगाववादी आंदोलनों को 'स्वतंत्रता सेनानी' कहा था।

### हसीना को शरण बन सकता है परेशानी

फिलहाल हसीना ने भारत में शरण ले रखी है। भारत के लिए ये मुद्दा परेशानी का कारण बन सकता है। बीएनपी नेताओं ने कहा है कि भारत में उनकी उपस्थिति द्विपक्षीय संबंधों को नुकसान पहुंचा सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, तारिक का कहना है कि अगर भारत किसी तानाशाह को शरण देता है, तो उसे बांग्लादेशियों के गुस्से का सामना करना पड़ेगा।

### 17 साल का निर्वासन खत्म कर लौटे तारिक

यह तारिक रहमान के लिए पहला चुनाव था। इसी साल उनकी मां और पार्टी की संस्थापक खालिदा जिया के निधन के बाद उन्हें बीएनपी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इससे पहले वे कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पार्टी का नेतृत्व संभाल रहे थे। तारिक हाल ही में 17 साल लंबा निर्वासन खत्म कर लंदन से स्वदेश लौटे हैं। उनकी वापसी और पार्टी की जीत ने बांग्लादेश की राजनीति में नया अध्याय लिखा है।

# पूर्व सीजेआई गवई बोले- बिल संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं करता

### वन नेशन-वन इलेक्शन पर रक्षा पक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का निष्कर्ष के करीब है। जेपीसी की बैठक में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने अपना पक्ष रखा। भारत के पूर्व चीफ जस्टिस बीआर गवई ने गुरुवार को संयुक्त संसदीय समिति को बताया कि एक साथ चुनाव कराने वाला बिल संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर का उल्लंघन नहीं करता है। भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अगुवाई वाली संयुक्त संसदीय समिति के सामने पेश होने वाले छठे पूर्व सीजेआई जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि अगर यह बिल लागू होता है, तो इससे न तो संघीय संरचना पर असर पड़ेगा और न ही लोकतांत्रिक शासन के तरीके पर, बल्कि यह प्रस्तावित कानून बेसिक स्ट्रक्चर के मुताबिक होगा।



### वोटरों के अधिकार वही रहते हैं

पूर्व सीजेआई ने कहा कि एक देश एक चुनाव बिल आमतौर पर 129वें संविधान (संशोधन) बिल के नाम से जाना जाता है, चुनावों के तरीके में सिर्फ एक बार बदलाव लाता है, जबकि चुनावों का स्ट्रक्चर और वोटरों के अधिकार वही रहते हैं। सभी पार्टियों को अपने राजनीतिक हित को किनारे रखकर इस प्रपोजल का समर्थन करना चाहिए।

**प्रस्तावित कानून देश के हित में : चौधरी** : गवई के सपोर्ट से उत्साहित भाजपा सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि विपक्षी पार्टियों को बिल का सपोर्ट करने के लिए रूलिंग अलायंस में शामिल होना चाहिए ताकि प्रस्तावित कानून एक जैसा बन सके और लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने का रास्ता साफ हो सके। उन्होंने रिपोर्टर्स से कहा कि यह देश के हित में है।

### सभी पार्टियों से समर्थन की उम्मीद

पूर्व चीफ जस्टिस ने इस आलोचना को खारिज कर दिया जिसमें पार्लियामेंट के अधिकार पर सवाल उठाया गया था क्योंकि बिल राज्यों पर भी असर डालता है और कहा कि लेजिस्लेचर के पास अधिकार है। भारत में 1967 तक एक साथ चुनाव होते थे। विपक्षी पार्टियों के पूरे ग्रुप ने इस बिल की निंदा करते हुए इसे भारत के फेडरल स्ट्रक्चर पर हमला बताया है और इसके समर्थन में सरकार की दलीलों पर सवाल उठाए हैं।

## भोपाल में 15 फरवरी को किन्नर अखाड़ा का होगा समागम

# 'किन्नर जिहाद' पर बवाल: 250 ट्रांसजेंडर करेंगे 'घर वापसी', नियुक्त होंगे पहले 'शंकराचार्य'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ट्रांसजेंडर समुदाय को कथित धार्मिक शोषण और धर्मांतरण से बचाने के लिए किन्नर अखाड़े ने एक बड़े कदम का ऐलान किया है। अखाड़े के संस्थापक के अनुसार 15 फरवरी को भोपाल के लालघाटी इलाके में एक भव्य अभिषेक समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें समुदाय के अपने आध्यात्मिक प्रमुखों की घोषणा की जाएगी। भारत के पहले किन्नर अखाड़े के 50 साल के संस्थापक ऋषि अजय दास ने घोषणा की है कि 'किन्नर जिहाद' और समुदाय के भीतर बढ़ रहे धर्मांतरण के खतरों से निपटने के लिए महाशिवरात्रि के दिन किन्नर समुदाय अपने 'शंकराचार्य', 'महामंडलेश्वर' और 'महंत' बनाएगी। चुने गए 'शंकराचार्य' की पहचान कार्यक्रम के दौरान बताई जाएगी। उस दिन भोपाल में करीब 250 ट्रांसजेंडर वापस हिंदू धर्म अपना लेंगे।



### 2016 में सिंहस्थ में बनाया था किन्नर अखाड़ा

ऋषि अजय दास साइंस में पोस्ट-ग्रेजुएट हैं और जिन्होंने 2016 में उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ मेले के दौरान किन्नर अखाड़ा बनाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि किन्नर समुदाय 'इस्लामीकरण' और शोषण का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर्स के रहने की जगहें 'जिहादियों' के लिए सुरक्षित जगह बन गई हैं, क्योंकि आम लोग और पुलिस इन जगहों से बचते हैं।


### हिंदु किन्नरों का किया जा रहा इस्लामीकरण

इस पहल का हिस्सा किन्नर नेता काजल ठाकुर ने हाल ही में आरोप लगाया था कि हिंदू ट्रांसजेंडर्स को इस्लाम अपनाने के लिए मजबूर किया जा रहा है और समुदाय के कुछ लोगों के पाकिस्तान और बांग्लादेश में टेरर फंडिंग से लिंक हैं। विश्व हिंदू परिषद के सपोर्ट वाले प्रदर्शनकारियों के एक ग्रुप ने भोपाल कलेक्टर को एक ज्ञापन दिया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि एक लोकल ट्रांसजेंडर लीडर 'किन्नर जिहाद' और जबरन धर्म बदलने में शामिल हैं।

### राजस्थान के पुष्कर में बनाई जाएगी पीठ

समुदाय के अंदर के लोगों के मुताबिक, ग्रुप ने राजस्थान के पुष्कर में एक 'पीठ' (सीट) बनाने का फैसला किया है, जो उनके 'शंकराचार्य' की परमानेंट सीट के तौर पर काम करेगी। पुष्कर को इसलिए चुना गया क्योंकि यहां भगवान ब्रह्मा का एकमात्र मंदिर है।

### पुलवामा हमले की बरसी से पहले तलाशी अभियान



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के मशहूर लाल चौक इलाके में सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को औचक तलाशी अभियान चलाया। यह जांच 2019 के पुलवामा आत्मघाती हमले की सातवीं बरसी से पहले की गई, जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवानों की जान चली गई थी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने होटल में तलाशी अभियान चलाया और वहां ठहरे लोगों के कमरों और सामान की जांच की।

# सोते हुए लोगों पर टूटा हाथियों का कहर, 6 की ले ली जान

**रांची।** झारखंड के चुरचू प्रखंड के गोंदवार गांव में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। हाथियों के हमले में 6 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक ही परिवार के चार सदस्य शामिल हैं। घटना रात करीब 1 से 2 बजे के बीच की बताई जा रही है। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक और डर का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, पांच हाथियों का झुंड अचानक बस्ती में घुस आया। उस समय ज्यादातर लोग गहरी नींद में थे। हाथियों ने कई कच्चे घरों को तोड़ दिया। जान बचाने के लिए जो लोग घरों से बाहर निकले, वे हाथियों की चपेट में आ गए। कुछ ही मिनटों में गांव में अफरा-तफरी मच गई। गांव के लोगों ने शोर मचाकर और टॉर्च जलाकर हाथियों को भगाने की कोशिश की, लेकिन हाथियों का झुंड काफी देर तक गांव के आसपास बना रहा। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हमले में एक ही परिवार की सुमन कुमारी (26), धनेश्वर राम (52), सूरज राम (50), सविता देवी (25), अनुराग राम (1) और संजना कुमारी (3) की मौके पर ही मौत हो गई।

# तमिलनाडु: थलापति विजय की चुनावी रैली के दौरान एक व्यक्ति की मौत

एजेंसी ▶▶ सलेम

तमिलनाडु के सलेम में शुक्रवार को अभिनेता से नेता बने थलापति विजय की तमिलगा वेत्री कड़गम की चुनावी रैली में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान 37 वर्षीय सूरज के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह हीटस्ट्रोक के कारण बेहोश हो गया था, जिसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि सूरज को हार्ट अटैक भी आया था। बता दें कि विजय फिल्मों से सन्यास ले चुके हैं। हालांक उनकी आखिरी फिल्म भी कानूनी पचड़े में फंसी हुई है। जननायका के रिलीज होने का मुहूर्त निकलता नहीं दिख रही है। वहीं दूसरी ओर उनका राजनैतिक करियर विवादों में आता जा रहा है।



**टीवीके रैली से पहले बनाई थी सख्त सुरक्षा योजना-** पिछले साल करूर हादसे के बाद से टीवीके को काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी। इसलिए इस बार की रैली से पहले पार्टी ने सख्त सुरक्षा योजना बनाई थी। मौके पर भीड़ को रोकने के लिए भारी पुलिस बल की तैनात था और प्रत्येक प्रवेश द्वार पर वाहनों की जांच और यातायात मार्गों में बदलाव किए।

### रैली में बोले विजय- हमारा वोट सीटी के लिए

यह रैली आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों (2026) से पहले पार्टी की तैयारी का हिस्सा थी। विजय ने यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वोट के बदले नकदी की राजनीति पर निशाना साधा और कहा कि अब तमिलनाडु में ऐसी राजनीति नहीं चलेगी। विजय ने भीड़ से वादा लेने को कहा- /"मेरा वोट मेरा अधिकार है, कोई हमें खरीद नहीं सकता, हमारा वोट सीटी के लिए है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**रुचि की अभिव्यक्ति (ई ओ आई)" का प्रकाशन**

**EOI No.COM/BSP/CATG/New Initiative-1/2026.**

बिलासपुर मंडल द्वारा यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने और खानपान सेवाओं से रेलवे के राजस्व में वृद्धि, करने के लिए स्टेशनों पर खानपान सेवाओं में नवीन / नए उपायों की तलाश कर रहा है।

संदर्भित रेलवे बोर्ड सीसी-4, 2026 के आधार पर, बिलासपुर मंडल ने स्टेशनों पर खानपान सेवाओं को शुरू करने का निर्णय लिया है जो खानपान के क्षेत्र में अभिनव नई पहल हैं। इस योजना का फोकस उन सभी नए अभिनव विचारों, अवधारणाओं, विषयों आदि पर होगा जिनका पहले परीक्षण नहीं किया गया है, जो किसी मौजूदा नीतिगत दिशा-निर्देशों में शामिल नहीं हैं और भारतीय रेलवे के राजस्व में वृद्धि हो सके।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), बिलासपुर मंडल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, इच्छुक व्यक्तियों/कंपनियों/एजेंसियों/स्वयं सहायता समूहों आदि से स्टेशनों पर खानपान सेवाओं से संबंधित नए विचारों और अवधारणाओं को बढ़ावा देने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करता है, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान की जा सके और भारतीय रेलवे के राजस्व में वृद्धि हो सके। यह प्रस्ताव प्रारंभ में बिलासपुर मंडल के लिए दो (2) वर्षों की अवधि के लिए है। इन अवधारणाओं को स्टेशनों पर खानपान में नवाचारी/नए विचारों के अंतर्गत माना जाएगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर डिवीजन के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर उपर्युक्त विषय में रुचि रखने वाले पक्ष निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र आवश्यक शुल्क और जमा राशि के साथ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय के खानपान अनुभाग में कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर जमा कर सकते हैं।

इस योजना के नियम और शर्तों का विवरण और आवेदन का प्रारूप बिलासपुर स्थित वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय के खानपान अनुभाग में उपलब्ध है।

इस सूचना प्रस्ताव की वैधता 31.12.2026 तक लागू रहेगी।

मंडल वाणिज्य प्रबंधक
द.पू.म./बिलासपूर

सीपीआर/10/AM/695

South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

निविदा क्रमांक: डीसीई/I/आर/25-26-07, (ओपेन ई–निविदा) (एकल पैकेट सिस्टम) कार्य :दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में चौथी लाइन के काम से संबंधित स्टेशन यार्ड में MSDAC के समानांतर DC ट्रैक सर्किट की सुविधा के संबंध में राजनांदगांव से डोंगरगढ और भिलाई से भिलाई नगर खंड के बीच चौथी लाइन में विविध पथ कार्यों की सुविधा।

निविदा मूल्य: 1,08,17,152.24 /– अमानत राशि: ₹ 2,04,100.00 /–, निविदा दस्तावेज की लागत: शून्य कार्य पूर्णता की अवधि: स्वीकृति पत्र तिथि से 06 छह माह।

निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक: 27–02–2026 को 15.00 बजे,

निविदा खोलने होने का समय एवं दिनांक: 27–02–2026 को 15.30 बजे,

निविदा दस्तावेज की पात्रता मापदंड उपरोक्त कार्य के लिए पूर्ण विवरण से संबंधित और अधिक जानकारी के लिए कृपया उप मुख्य अभियंता /कॉन–I /एस.ई.सी. रेलवे खारून रेल विहार कालोनी रायपुर छत्तीसगढ पिन : 492009 के कार्यालय में संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www. ireps.gov.in पर देखें।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण-I
द.पू.म. रेलवे, रायपुर

सीपीआर/10/FL/678

South East Central Railway @secrail

**आम सूचना**

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 62, 86 के प्रावधानों सहपठित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (बहुवर्षीय टैरिफ सिद्धान्तों के अनुरूप टैरिफ के निर्धारण और टैरिफ एवं प्रभारों से अनुमानित राजस्व अवधारणा हेतु अपनाई जाने वाली कार्य प्रणाली एवं प्रक्रिया तथा निबंधन एवं शर्ते) विनियम के अनुपालन में विद्युत उत्पादन कंपनी मेसर्स टी. आर. एन. एनर्जी प्रा. लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष के वित्तीय वर्ष 2024–25 में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (सी.एस.पी.डी.सी.एल.) को विक्रय किए गए ऊर्जा की ऊर्जा प्रभार दर और प्रतिपूर्ति योग्य खर्चों के अनुमोदन हेतु याचिका दायर की गई है। यह याचिका, ग्राम नवापारा टेण्डा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) स्थित कोयला आधारित थर्मल पॉवर प्लान्ट जो कि नेट जनरेटेड पॉवर का 5 प्रतिशत पॉवर सी.एस.पी.डी.सी.एल. को आपूर्ति कर रहा है, से संबंधित है। इस याचिका को 105/2025 के रूप में पंजीकृत किया गया है।

मेसर्स टी. आर. एन. एनर्जी प्रा. लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए रु.1.73/kWh के ऊर्जा प्रभार दर और प्रतिपूर्ति योग्य खर्चों के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त याचिका पर सुझाव/आपत्ति, इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिवस के भीतर सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, रायपुर–492001, ईमेल: cserc.sec.cg@nic.in के समक्ष एवं/या प्रमुख (विद्युत) मेसर्स टी. आर. एन. एनर्जी प्रा. लिमिटेड, ग्राम नवापारा टेण्डा, जिला रायगढ़ (छ.ग.), ईमेल: sk.sahoo@trnenergy.com पर भेजी जा सकती है।

उपरोक्त याचिका की प्रति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, सिंचाई कालोनी, शांति नगर रायपुर 492001 के कार्यालय में उपलब्ध है। याचिका की मुद्रित प्रति कार्यालयीन दिवसों में रूपये 500/– का भुगतान कर पूर्वान्ह 11:00 से सांय: 4:00 के बीच प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति रूपये 100/– (डाक व्यय) का अतिरिक्त भुगतान कर डाक द्वारा भी प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति आयोग की वेबसाइट www.cserc.gov.in पर उपलब्ध है। उक्त याचिका पर निर्धारित की गई तिथि, समय एवं स्थान पर जन–सुनवाई भी की जावेगी, जिसकी सूचना आयोग द्वारा समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशित की जायेगी।

सुरेश कुमार साहू
प्रमुख (विद्युत)
मेसर्स टी. आर. एन. एनर्जी प्रा. लिमिटेड

### दोनों टीमों का 7 साल बाद हुआ आमना-सामना

# जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 19 साल बाद हराया, बेनेट ने खेली अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

टी20 वर्ल्ड कप में शुक्रवार को बड़ा उलटफेर हुआ। कोलंबो में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हरा दिया। जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 19 साल बाद टी20 में हराया। इससे पहले 2007 टी20 वर्ल्ड कप में केपटाउन में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था।

दोनों टीमों का क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारुप में 7 साल बाद आमना-सामना हुआ। इससे पहले हरारे में 2018 में खेले दो मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे को हराया था। कुल 4 बार दोनों टीमों का मुकाबला हुआ है



और दोनों को दो-दो जीत मिली है। कोलंबो में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जिम्बाब्वे ने ब्रायन बेनेट के नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर 2 विकेट पर 169 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया 19.2 ओवर में 146 रन पर आउट हो गई।

### यह अविश्वसनीय है : रजा

जिम्बाब्वे के कार्यवाहक कप्तान सिकंदर रजा ने आस्ट्रेलिया पर जीत को 'अविश्वसनीय' करार देते हुए कहा कि टीम की एकजुटता, माहौल और संस्कृति ने इसे संभव कर दिखाया। रजा ने कहा,' बहुत खुश हूं और गौरवान्वित भी। बड़े भाई की तरह महसूस कर रहा हूं, जिसके छोटे भाई मिलकर इतना कुछ हासिल कर रहे हैं।' उन्होंने कहा ,' बाहर से देखकर बहुत अच्छा लगा कि टीम ने कैसे जीत हासिल की।

### हम दबाव से उबर नहीं सके : हेड

आस्ट्रेलियाई कप्तान हेड ने कहा, शुरुआत में हमें लगा था कि यह एक बेहतरीन विकेट है। हमने सोचा था कि यह दोनों पारियों में एक जैसा रहेगा। लेकिन बाद में यह मुश्किल हो गया और हमने लगातार अंतराल पर जल्दी-जल्दी विकेट गंवाए, जिसके चलते हम पर दबाव आ गया। हम उस दबाव से उबर नहीं सके और फिर मैच में पीछे होते चले गए।

### जिम्बाब्वे ने 3 बार किया उलटफेर

यह क्रिकेट इतिहास में पांचवां ऐसा मौका है, जब जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध जीत दर्ज की। इस टीम ने अब तक दो बार टी20 फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी है, जबकि 3 मौकों पर वनडे फॉर्मेट में उसे हराया है। जिम्बाब्वे ने तीसरी बार वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी है।

**वनडे वर्ल्ड कप 1983 :** नॉटिंघम में 9 जून को खेले गए मुकाबले में जिम्बाब्वे ने 6 विकेट खोकर 239 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 60 ओवरों में 7 विकेट खोकर 226 रन ही जुटा सकी, जिसके साथ जिम्बाब्वे ने 13 रन के करीबी अंतर से मैच जीत लिया।

**टी20 वर्ल्ड कप 2007 :** केपटाउन में 12 सितंबर को खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर सिर्फ 138 रन ही बना सकी। इसके जवाब में जिम्बाब्वे ने 19.5 ओवरों में 5 विकेट शेष रहते मुकाबला जीत लिया।

**टी20 वर्ल्ड कप 2026 :** जिम्बाब्वे ने कोलंबो में 13 फरवरी को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 रन से जीत दर्ज की। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.3 ओवरों में 146 रन पर सिमट गई।

### जिम्बाब्वे के नाम अनोखा रिकॉर्ड दर्ज

जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराया। इस जीत के साथ ही जिम्बाब्वे ने इतिहास रच दिया है। जिम्बाब्वे टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100 परसेंट जीत का रिकॉर्ड बनाए रखने वाली अकेली टीम बनी हुई है। उसने केप टाउन में पहले 2007 टी20 वर्ल्ड कप में उन्हें 5 विकेट से हराया था।

# यूएई ने कनाडा को पांच विकेट से हराया

## हर्ष की फिफ्टी, जुनैद की शानदार बॉलिंग

### ग्रुप-डी की प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर यूएई





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूएई ने कनाडा के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 20वें मुकाबले को 5 विकेट से जीता। इस जीत के साथ यूएई ग्रुप-डी की प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी कनाडा की टीम ने 7 विकेट खोकर 150 रन बनाए। इस टीम ने 38 के स्कोर तक अपने 3 विकेट खो दिए थे। हर्ष ठाकर ने नवनीत धालीवाल के साथ 58 रन की साझेदारी की। नवनीत 34 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद हर्ष ने श्रेयस मोव्वा के साथ 33 रन जोड़ते हुए टीम को 129 के स्कोर तक पहुंचाया। श्रेयस 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि हर्ष ने 50 रन की पारी खेली। कप्तान दिलप्रीत बाजवा ने 11 रन बनाया। विपक्षी खेमे से जुनैद सिद्दीकी ने 4 ओवरों में 35 रन देकर 5 विकेट हासिल किए, जबकि मुहम्मद जवादुल्लाह ने 1 विकेट निकाला।

### यूएई ने 19.4 ओवरों में दर्ज की जीत

इसके जवाब में यूएई की टीम ने 19.4 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। इस टीम ने 12 के स्कोर पर कप्तान मुहम्मद वसीम (4) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद आर्यांश शर्मा ने अलीशान शराफू (5) के साथ दूसरे विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी की। यह टीम 66 के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा चुकी थी, जहां से आर्यांश ने शोएब खान के साथ पांचवें विकेट के लिए 84 रन जोड़ते हुए टीम को 150 के स्कोर तक पहुंचाया। आर्यांश 74 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शोएब खान ने 51 रन की पारी खेली। विपक्षी खेमे से साद बिन जफर ने 14 रन देकर 3 विकेट निकाले, जबकि कलीम और जसरकरण सिंह को 1-1 सफलता हाथ लगी।

### खबर संक्षेप



#### पीजीटीआई लीग नीलामी में शामिल होंगे 170 गोल्फर

**नई दिल्ली।** भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) की प्रमुख लीग '72 द लीग' की सोमवार को होने वाली पहली नीलामी में 11 देशों के 170 पेशेवर गोल्फर हिस्सा लेंगे। इस लीग में गोल्फरों के लिए कुल 60 स्थान उपलब्ध होंगे, क्योंकि छह फ्रेंचाइजी में से प्रत्येक अपनी-अपनी टीमों के लिए 10 खिलाड़ियों का चयन करेगी। नीलामी की कुल राशि छह करोड़ रुपए है। पीजीटीआई ने यह लीग गेम ऑफ लाइफ स्पोर्ट्स (जीओएलएस) के सहयोग से शुरू की है। लीग 21 फरवरी को शुरू होगी और इसका फाइनल छह मार्च को खेला जाएगा। नीलामी के लिए जिन 170 गोल्फर ने अपना नाम दर्ज कराया है, उन्हें तीन श्रेणियों प्लैटिनम, गोल्ड और सिल्वर में रखा गया है।

#### हम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने को तैयार: हैनरी

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबलों को कड़ा बताते हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हैनरी ने कहा कि दोनों टीमों के बीच लंबे समय से चली आ रही प्रतिद्वंद्विता टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले में एक नया आयाम जोड़ेगी, जिससे ग्रुप के विजेता का फैसला हो सकता है। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप डी में अभी हार नहीं मिली है। दोनों टीम के बीच मैच अक्सर कड़े होते हैं। हैनरी ने माना कि इतिहास और खेल संस्कृति ने इस मुकाबले की प्रतिद्वंद्विता को बनाने में अपनी भूमिका निभाई है। हैनरी ने कहा, 'आप हमेशा सबसे अच्छी टीम के साथ खेलना चाहते हैं।

#### अगला मैच खेल सकते हैं अभिषेक : वरुण

**नई दिल्ली।** वरुण चक्रवर्ती ने कहा है कि पेट के संक्रमण से उबर रहे आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने के लिए पूरी तरह फिट दिख रहे हैं। अभिषेक अस्वस्थ होने के कारण गुरुवार को नामीबिया के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे। पेट के संक्रमण के कारण उन्हें दो दिन अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था। चक्रवर्ती ने कहा कि यह सलामी बल्लेबाज बेहतर महसूस कर रहा है और उन्हें लगता है कि अगला मैच खेल सकता है।

# राजस्थान रॉयल्स के नए कप्तान बने रियान पराग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने आईपीएल 2026 के लिए रियान पराग को अपना नया कप्तान बनाया है। यह घोषणा पूर्व कप्तान संजू सैमसन के ऑक्शन से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में ट्रेड होने के बाद हुई है, जिसके साथ उनके चार सीजन के कार्यकाल का अंत हो गया।



साल 2008 से अब तक कुल 7 कप्तानों ने राजस्थान रॉयल्स को लीड किया है। एक खिताब जीतने के बाद इस फ्रेंचाइजी ने छह बार नॉकआउट में प्रवेश किया है। दिलचस्प बात यह है कि टूर्नामेंट के इतिहास में सिर्फ ऑस्ट्रेलियाई और भारतीयों ने ही इस टीम की कमान संभाली है। रियान पराग लीडरशिप रोल से वाकिफ हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में बतौर स्टैंड-इन कैप्टन अपना रोल निभाया है। जब पराग ने 23 मार्च 2025 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम को लीड किया, तो वह राजस्थान रॉयल्स के इतिहास में सबसे युवा कप्तान और आईपीएल में कुल मिलाकर पांचवें सबसे युवा कप्तान बने थे। आईपीएल 2025 में रियान पराग ने 8 मुकाबलों में कप्तानी की, जिसमें दो जीत और छह हारे। अब आईपीएल 2026 के लिए पराग फुल-टाइम कैप्टन का रोल निभाएंगे।

### पाकिस्तान के खिलाफ कुलदीप को उतारे भारत : गावस्कर

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को उम्मीद है कि रविवार को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में भारतीय टीम तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह लेग स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करेगी। नामीबिया के बल्लेबाजों ने गुरुवार को अर्शदीप की जमकर धुनाई की और उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर भी पूरे नहीं किए। गावस्कर ने कहा, 'हमारे सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। अर्शदीप ने अपने चार ओवर पूरे नहीं किए, जबकि शिवम दुबे ने दो ओवर और हार्दिक ने अपना कोटा पूरा किया। इससे संकेत मिलता है कि कुलदीप यादव पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्शदीप की जगह ले सकते हैं।'

# सतेंद्र ने कुक जलडमरुमध्य किया पार, बने पहले एशियाई पैरा तैराक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के सतेंद्र सिंह लोहिया न्यूजीलैंड में कुक जलडमरुमध्य को पार करने वाले एशिया के पहले पैरा तैराक बन गए हैं। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के रहने वाले 38 वर्षीय लोहिया को 2024 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

लोहिया ने कहा, 'ऐतिहासिक उपलब्धि। न्यूजीलैंड में कुक जलडमरुमध्य पर जीत। दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक न्यूजीलैंड के कुक जलडमरुमध्य को अपनी टीम के साथ सफलतापूर्वक पार करने के बाद आज मैं बेहद भावुक और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पहली बार एशिया के किसी पैरा तैराक ने कुक जलडमरुमध्य को पार किया है।'



### 9 घंटे और 22 मिनट में हासिल की उपलब्धि

अधिकारियों के अनुसार यह पैरा तैराक जनवरी के तीसरे सप्ताह में न्यूजीलैंड पहुंचा और वहां उन्होंने बेहद ठंडे पानी में कड़ा अभ्यास किया। उन्होंने नौ घंटे और 22 मिनट में 23.6 किलोमीटर तैरकर यह उपलब्धि हासिल की। डायरिया का उचित इलाज नहीं हो पाने के कारण लोहिया बचपन में ही दिव्यांग हो गए थे। उन्होंने 2017 में समुद्री तैराकी का अपना सफर शुरू किया था। वह इंग्लिश चैनल को भी पार कर चुके हैं।

### कुरेन टीम में शामिल

# जिम्बाब्वे के टेलर चोट के कारण विश्व कप से बाहर



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

जिम्बाब्वे के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर एक ग्रुप मैच के दौरान लगी चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह टीम में बेन कुरेन को शामिल किया गया।

चालीस वर्षीय टेलर 9 फरवरी को ओमान के खिलाफ खेले गए मैच में चोटिल होने के कारण मैदान से लंगड़ाते हुए बाहर चले गए थे। जिम्बाब्वे ने यह मैच आठ विकेट से जीता था। कप्तान सिकंदर रजा ने कहा, 'ब्रेंडन टेलर को चोट लग गई है और वह टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल पाएंगे।'
टी20 विश्व कप की टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम के भाई शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बेन कुरेन को टेलर की जगह लेने की मंजूरी दी।

### तकनीकी समिति की मंजूरी जरूरी



आईसीसी ने कहा, '9 फरवरी को ओमान के खिलाफ मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद टेलर के बाहर होने पर बेन कुरेन को उनकी जगह चुना गया।' किसी खिलाड़ी की जगह लेने के लिए हालांकि टूर्नामेंट की तकनीकी समिति की मंजूरी जरूरी है, इसके बाद ही आधिकारिक रूप से उसकी जगह दूसरे खिलाड़ी को टीम में शामिल किया जा सकता है। जिम्बाब्वे जब ओमान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा कर रहा था तो टेलर को विकेटों के बीच दौड़ लगाने में परेशानी हो रही थी। उन्होंने जब 30 गेंद पर 31 रन बनाए थे तब उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटना पड़ा था।

# आयरलैंड को लगा झटका, कप्तान स्टर्लिंग नहीं खेल पाएंगे विश्वकप

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

आयरलैंड को ओमान के खिलाफ ग्रुप मैच से पहले करारा झटका लगा जब उसके कप्तान पॉल स्टर्लिंग घुटने की चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए ।

स्टर्लिंग को आस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को हुए मैच में एक कैच लेते हुए दाहिने घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए तेजी से एक रन लेने के प्रयास में वह चोट और गंभीर हो गई। टी20 विश्व कप इवेंट तकनीकी समिति ने स्टर्लिंग की जगह सैम टॉपिंग को आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम में शामिल करने को मंजूरी दे दी है ।




आयरलैंड ग्रुप बी के मैच में शनिवार को ओमान से खेलेगा।

### सैम टॉपिंग को टीम में जगह

*टॉपिंग बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज हैं, जिन्होंने पिछले साल अफगानिस्तान ए के खिलाफ अबुधाबी में आयरलैंड ए के लिए खेला था। आयरलैंड के हाई परफॉर्मेंस निदेशक ग्रीम वेस्ट ने कहा कि स्टर्लिंग का बाहर होना बड़ा झटका है हालांकि टीम को टॉपिंग से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा,' आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के बाद पॉल स्टर्लिंग का स्कैन कराया गया, जिसमें पता चला कि उनकी चोट गंभीर है और वह टूर्नामेंट आगे नहीं खेल पाएंगे। वह जल्दी ही स्वदेश लौटेंगे। उनकी जगह सैम टॉपिंग को शामिल किया गया है, जो चेन्नई में ही नार्दर्न नाइट्स टीम के साथ अभ्यास कर रहा था।'*

### पाकिस्तानी गेंदबाज का अनोखा एक्शन, बना विवाद का विषय



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक का गेंद फेंकने के दौरान क्षणिक विराम और क्रीज पर मूर्ति जैसी मुद्रा ने टी20 विश्व कप के दौरान कई लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। ऐसा लगता है कि वह बल्लेबाजों को भ्रम में डालने के लिए ऐसा करते हैं, जिसको लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही विवाद भी खड़ा हो गया है। तारिक की रुक-रुक कर गेंद फेंकने की शैली को अवैध गेंद कहना या क्रिकेट की भाषा में कहें तो चकिंग कहना। उनके गेंदबाजी एक्शन की दो बार रिपोर्ट भी की गई लेकिन दोनों अवसरों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनके एक्शन को सही करार दिया।

### टी20 विश्व कप : आज शाम 7 बजे से अहमदाबाद में भिड़ेंगी दो दिग्गज टीम


# ग्रुप में बादशाहत बनाने के लिए द.अफ्रीका और न्यूजीलैंड का मुकाबला

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका का सुपर आठ में पहुंचना तय है और ऐसे में शनिवार को जब दोनों टीम आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल करने की अपनी कोशिशों को अमली जामा पहनाना होगा। दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मैच जीते हैं।

### न्यूजीलैंड का शानदार प्रदर्शन

न्यूजीलैंड ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। अफगानिस्तान को छह विकेट पर 186 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने टिम सीफर्ट के 65 रन तथा ग्लेन फिलिप्स (42), मार्क चैपमैन (28) और डैरिल मिशेल (नाबाद 25) के योगदान की बदौलत 17.5 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर दिया। इससे पहले सीफर्ट और फिन एलन के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया था। उसने केवल 15.2 ओवरों में 174 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था।



### द.अफ्रीका ने रखा दबाव में संयम

वहीं दक्षिण अफ्रीका ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए अपनी आक्रामक क्षमता का बेहतरीन नमूना पेश किया है। उन्होंने कनाडा के खिलाफ चार विकेट पर 213 रन बनाए, जिसमें कप्तान एडन मार्क्रम ने 32 गेंदों में 59 रन, डेविड मिलर (नाबाद 39) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 34) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके बाद गेंदबाजी में लुंगी एनगिडी के 31 रन पर चार विकेट की मदद से उसने आसानी से जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका को हालांकि अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर ओवर तक खिंचे मैच में जीत हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगानी पड़ी।

### टीमें इस प्रकार

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), फिन एलन, डेवोन कॉनवे, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, माइकल ब्रैसवेल, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, ट्रेंट बोल्ट, जैकब डफी और ईश सोढ़ी।


**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्क्रम (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन, रीजा हेंड्रिक्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), मार्को यानसन, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे, केशव महाराज, तबरेज शम्सी और ब्योर्न फोर्टुइन।

## खबर संक्षेप

### विपुल ऑर्गेनिक्स के लाभ में 28 प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली।** रसायन क्षेत्र की कंपनी विपुल ऑर्गेनिक्स का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 28 प्रतिशत बढ़कर 1.85 करोड़ रुपये रहा। आय में बढ़ोतरी होने से लाभ में यह वृद्धि हुई है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों का विवरण साझा किया।

### सीमेंस एनर्जी का लाभ बढ़कर 313 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड (एसईआईएल) का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत बढ़कर 313 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को पहली तिमाही के अपने वित्तीय परिणामों की जानकारी दी। सीमेंस एनर्जी इंडिया का वित्त वर्ष अक्टूबर-सितंबर के बीच होता है।

### रुपया तीन पैसे टूटकर 90.64 प्रति डॉलर पर बंद



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ 90.64 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में नकारात्मक रुख और वैश्विक बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से रुपये में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर की मजबूती ने रुपये सहित उभरते बाजारों की मुद्राओं की बढ़त को सीमित कर दिया।

### गौडियम का आईपीओ 20 फरवरी को खुलेगा




**नई दिल्ली।** प्रजनन सेवाएं देने वाली गौडियम आईवीएफ एंड वीमेन हेल्थ लिमिटेड की योजना आईपीओ के जरिये 150 से 200 करोड़ रुपये जुटाने की है। इस निर्गम के 20 फरवरी को खुलने की उम्मीद है। इस घटनाक्रम से वाकिफ लोगों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह इस क्षेत्र की पहली कंपनी होगी जो सार्वजनिक बाजार से पूंजी जुटाएगी।

### एयू स्मॉल बैंक के एमडी का कार्यकाल बढ़ाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने संजय अग्रवाल को फिर से बैंक का प्रबंध निदेशक और सीईओ नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है।बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि यह पुनर्नियुक्ति 19 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगी और अगले तीन वर्षों की अवधि के लिए होगी।
बैंक ने कहा कि इससे पहले निदेशक मंडल ने 17 अक्टूबर, 2025 को और शेयरधारकों ने 26 दिसंबर, 2025 को इस पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी थी। जो रिजर्व बैंक के अंतिम मंजूरी पर निर्भर थी। अग्रवाल पहली बार 14 फरवरी, 2008 को 'एयू फाइनेंसर्स' के एमडी बने थे।

## आरआईएल अब कच्चे तेल की सीधी खरीद कर पाएगा

# रिलायंस इंडस्ट्रीज को वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका से मिला लाइसेंस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद के लिए अमेरिका से लाइसेंस मिल गया है। इस अनुमति से देश की सबसे बड़ी निजी रिफाइनिंग कंपनी आरआईएल रियायती दर पर उपलब्ध भारी कच्चे तेल का आयात कर सकेगी।

वेनेजुएला का कच्चा तेल गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस रिफाइनरी की संरचना के अनुकूल है और उसके रिफाइनिंग मार्जिन को बेहतर बना सकता है। मामले से परिचित सूत्रों ने कहा कि जनवरी के अंत में अमेरिका ने कुछ अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को वेनेजुएला से सीधे तेल खरीदने की सामान्य अनुमति दी।

### अमेरिका ने प्रतिबंध किए शिथिल

पहले अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण वेनेजुएला से सीधे तेल खरीद पर रोक लगी हुई थी और तेल की आपूर्ति कारोबारियों के माध्यम से हो रही थी। पिछले महीने अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस माद्रो को बंदी बनाकर अमेरिकी जेल में भेज दिए जाने के बाद से ही वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही थी। उसके बाद से अमेरिका ने अपने प्रतिबंधों को शिथिल भी कर दिया है।



### दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनिंग परिसर

हालांकि वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने का अमेरिकी लाइसेंस मिलने के बारे में रिलायंस इंडस्ट्रीज की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई। गुजरात के जामनगर में दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनिंग परिसर संचालित करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज अमेरिकी प्रतिबंध लगने से पहले वेनेजुएला के कच्चे तेल की नियमित खरीदार थी।

### रूस से तेल आयात घटने की संभावना

सूत्रों ने कहा कि वेनेजुएला के प्राकृतिक संसाधनों का इस्तेमाल करना कच्चे तेल की खरीद के स्रोतों में विविधता लाने की भारतीय रणनीति का हिस्सा है। रूस से तेल का आयात घटने की संभावना के बीच वेनेजुएला का तेल महत्वपूर्ण हो जाता है। वेनेजुएला का ओरिनोको बेल्ट क्षेत्र अपने भारी और बहुत-भारी ग्रेड के कच्चे तेल के लिए जाना जाता है।

### रिलायंस ने 2024 में वेनेजुएला से तेल खरीदा था

हालांकि 2019-20 में वेनेजुएला की मादुरो सरकार पर अमेरिकी प्रतिबंध लगाए जाने के बाद यह आयात रुक गया था। लेकिन वर्ष 2024 में मिली अस्थायी राहत के दौरान रिलायंस ने वेनेजुएला से तेल खरीदा था। इस साल कारोबारियों के जरिये तेल खरीद दोबारा शुरू होने पर रिलायंस ने विटॉल कंपनी से 20 लाख बैरल तेल खरीदा है।

- देश की सबसे बड़ी निजी रिफाइनिंग कंपनी है
- कच्चा तेल आरआईएल की संरचना के अनुकूल है
- पहले प्रतिबंधों के कारण रोक लगी हुई थी

### पीएसयू ने 20 लाख बैरल तेल वेनेजुएला से खरीदा

इस छूट का फायदा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने भी उठाया है। इन दोनों सरकारी तेल कंपनियों ने कुल मिलाकर 20 लाख बैरल कच्चा तेल वेनेजुएला से खरीदा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस से तेल खरीद रोकने और अमेरिका सहित अन्य स्रोतों से तेल आयात बढ़ाने पर सहमति जताई है।

### तेल की रिफाइनिंग के लिए पूरी तरह सक्षम


*इस ग्रेड के तेल की रिफाइनिंग के लिए रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी पूरी तरह सक्षम मानी जाती है। खास बात यह है कि इस तरह के तेल पर आमतौर पर अंतरराष्ट्रीय मानकों की तुलना में छूट मिलती है। इस तेल को डीजल, केरोसिन एवं एलपीजी जैसे उच्च मूल्य वाले पेट्रोलियम उत्पादों में बदला जा सकता है।*

### मार्जिन सुधारने में मदद मिलेगी

*विश्लेषकों का अनुमान है कि इस सस्ते भारी कच्चे तेल की सीधी खरीद से रिलायंस को रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल दोनों कारोबार में मार्जिन सुधारने में मदद मिलेगी।*

## ट्राई 'डू नॉट डिस्टर्ब' ऐप में लाएगा अपील की सुविधा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- अगले महीने आएगा नया 'माईकॉल' ऐप
- शिकायतों का संतोषजनक निपटान हो सके

दूरसंचार विनियामक ट्राई उपभोक्ताओं को 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) ऐप में अपील की सुविधा देने की योजना बना रहा है, ताकि सेवा प्रदाताओं द्वारा शिकायतों का संतोषजनक निपटान न होने पर मामले को उच्च प्राधिकारी के समक्ष उठाया जा सके। ट्राई के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने कहा कि नियामक मार्च में संशोधित 'माईकॉल' ऐप को पेश करेगा जिसके जरिये उपभोक्ता कॉल गुणवत्ता से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकेंगे। लाहोटी ने डीएनडी और 'माईस्पीड' ऐप के संशोधित संस्करण जारी करते हुए कहा कि अनचाही फोन कॉल और एसएमएस की शिकायत के लिए बनाए गए नए डीएनडी ऐप में बहुभाषी विकल्प उपलब्ध होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में डीएनडी ऐप की स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में कम चरणों में शिकायत दर्ज करने, बेहतर वरीयता प्रबंधन और डुअल सिम समर्थन जैसी सुविधाएं जोड़ी गई हैं।

*31 लाख से अधि शिकायतें दर्ज कराई गई थी : लाहोटी ने कहा कि वर्ष 2025 में अनचाही वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) के संबंध में मिली 31 लाख शिकायतों में से 17 लाख से अधिक डीएनडी ऐप के माध्यम से दर्ज कराई गई थीं। इसके साथ ही ट्राई ने संशोधित 'माईस्पीड' ऐप भी पेश किया है, जिसमें बहुभाषी समर्थन के साथ 5जी प्रौद्योगिकी पर उपलब्ध गति की जांच की सुविधा होगी।*

## ट्रांसरेल को मिले 2350 करोड़ रुपए के नए ठेके...

**नई दिल्ली।** ट्रांसरेल लाइटिंग को घरेलू बाजार में 2,350 करोड़ रुपये के नए इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण से ठेके मिले हैं। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि ये ठेके मुख्य रूप से घरेलू विद्युत पारेषण एवं वितरण क्षेत्र से जुड़े हैं। इन नए ठेके के साथ वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का कुल आर्डर प्रवाह 7,980 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रणदीप नारंग ने कहा, '' इन



ठेकों में मुख्य रूप से 765 किलोवोल्ट पारेषण लाइन का निर्माण शामिल है। असैनिक कार्य तथा खंभों और प्रकाश व्यवस्था से जुड़े ठेके भी बाजार में हमारी मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। इससे वित्त वर्ष 2025-26 का कुल आर्डर प्रवाह 7,980 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।/''

## विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 717.06 अरब डॉलर पर



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 6.71 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 14.36 अरब डॉलर बढ़कर 723.77 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। केन्द्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, छह फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.66 अरब डॉलर बढ़कर 570.05 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो।

## जैगल प्रीपेड ओशन का लाभ बढ़कर 36 करोड़

**नई दिल्ली।** खर्च प्रबंधन एवं वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 77.8 प्रतिशत बढ़कर 35.97 करोड़ रुपये रहा। उसने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 20.24 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 47.9 प्रतिशत बढ़कर 497.62 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 336.43 करोड़ थी। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही कंपनी में कुल खर्च बढ़कर 457.91 करोड़ हो गया जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 313.20 करोड़ था।

## वैधानिक शुल्क घटने से ओएनजीसी का लाभ बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन ने अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही में शुद्ध लाभ में 1.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। नए कुओं से गैस की अधिक प्राप्ति और वैधानिक शुल्कों में कटौती से कंपनी को सहारा मिला, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का असर काफी हद तक संतुलित हो गया। 2025-26 की तीसरी (दिसंबर) तिमाही में ओएनजीसी का एकल शुद्ध लाभ 8,372 करोड़ रुपये रहा जबकि गत वित्त वर्ष 2025-24 की इसी अवधि में यह 8,240 करोड़ रुपये था। देश की सबसे बड़ी कच्चा तेल उत्पादक कंपनी तथा प्राकृतिक गैस आपूर्तिकर्ता ओएनजीसी को प्रति बैरल कच्चे तेल पर 10 प्रतिशत से अधिक कम प्राप्ति हुई।

## हेल्थ प्लस

# महिला के बच्चेदानी की 5 सेमी गठान का सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|बिलासपुर

मुंगेली जिला की एक महिला को बच्चेदानी में दर्द होने की समस्या के साथ माखीजा हॉस्पिटल लाया गया। प्रारंभिक जाँच में उनकी गर्भाशय में 23 बड़े छोटे फाइब्रॉयड (गांठ) मौजूद हैं, जिससे महिला को तेज दर्द, अत्यधिक रक्तस्राव, पेट फूलना और दैनिक जीवन में असुविधा जैसी समस्याएँ हो रही थीं। जांच और अल्ट्रासाउंड के बाद डॉक्टर ने गठान की पुष्टि की। डॉक्टर के अनुसार बच्चेदानी में इस प्रकार की गठान समय के साथ तेज दर्द, अत्यधिक रक्तस्राव और अन्य स्त्री रोग संबंधी समस्याओं का कारण बन सकती है, इसलिए समय पर उपचार आवश्यक होता है।



इस जटिल समस्या का सफल ऑपरेशन माखीजा हॉस्पिटल में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतिभा माखीजा और उनकी टीम ने आधुनिक तकनीक की मदद से सर्जरी को सफलतापूर्वक किया। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ और कुछ ही दिनों में वे स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट आईं। वर्तमान में उन्हें किसी प्रकार की कोई जटिलता नहीं है।

मरीज और उनके परिजनों ने डॉक्टर और पूरी मेडिकल टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सही समय पर उपचार मिलने से उनकी समस्या का स्थायी समाधान संभव हो पाया। डा. माखीजा ने बताया कि यह सफल सर्जरी उन महिलाओं के लिए भी प्रेरणादायक है जो बच्चेदानी की गठान जैसी समस्या से जूझ रही । समय पर जांच और विशेषज्ञ से परामर्श लेकर इस प्रकार की जटिलताओं का प्रभावी उपचार संभव है। अधिक जानकारी के लिए 8085758585 पर संपर्क कर सकती हैं।


न्यायालय आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)
// उत्तरवादी के उपस्थिति हेतु नोटिस //
प्रकरण क्रमांक 201702990100010/ अ-27/2016-17, पेशी दिनांक 23/02/2026
भोजराम ....................अपीलार्थी
बनाम
रामेश्वर प्रसाद वगैरह......उत्तरवादीगण
प्रति, 1/ गणेशी बाई पति दामोदर प्रसाद 2/संतरा बाई पति जयपाल 3/ टीगेश्वर पिता भोजराम 4/ दीपक कुमार पिता भोजराम 5/मनोज कुमार पिता भोजराम सभी जाति कहरा, निवासी ओडेकेरा, तहसील जैजेपुर, जिला सक्ती (छ.ग.)
अपीलार्थी भोजराम पिता बचनराम जाति कहरा निवासी ओडेकेरा, तहसील जैजेपुर जिला सक्ती (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर, जिला जांजगीर-चांपा के प्रकरण क्रमांक 65/अ-27/2012-13 पक्षकार भोजराम विरूद्ध रामेश्वर वगैरह में पारित आदेश दिनांक 25/01/2017 के विरूद्ध छ.ग. भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा-50 के तहत इस न्यायालय में पुनरीक्षण प्रस्तुत किया गया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 23/02/2026 को नियत है।
अतएव एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 23/02/ 2026 को दिन के 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित हो सकते हैं। नियत तिथि को उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए आप स्वत: जवाबदार होंगें। सुनवाई दिनांक 23/02/2026 को किसी कारणवश अवकाश या सार्वजनिक अवकाश घोषित होने की स्थिति में प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।
आज दिनांक 09/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से से जारी किया गया।
आयुक्त
बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**

**निविदा सूचना**

क्रमांक /693/कले. / जनगणना / 2026 मोहला, दिनांक 11/02/2026

छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक GENS-1105/99/2025-HOME SECTION नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 08 .01.2026 के अनुसार भारत की जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण- "मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (HLO)" अप्रैल 2026 से सितंबर 2026 तक और द्वितीय चरण- "जनसंख्या गणना (PE)" फरवरी 2027 में आयोजित की जाएगी।

भारत की जनगणना 2027, मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से ऑकड़ो का संग्रह, जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली (CMMS) पोर्टल का उपयोग, मकान सूचीकरण ब्लॉक निर्माण (HLBS) वेब एप्लिकेशन, स्व-गणना पोर्टल जैसे कार्यो को समूचित रूप से संपादन के लिए राज्य/जिला स्तर पर 08 तकनीकी सहायक व 01 बहु-कार्य कर्मचारी (एमटीएस) जनशक्ति को पारिश्रमिक आधार पर नियुक्ति जून 2027 तक के लिए एजेंसी के माध्यम से कराया जाना है।

एतद द्वारा उक्त कार्य के लिये इच्छुक फर्म / प्लेसमेंट एजेंसी से 02 मार्च 2026 (दिन सोमवार) के अपरान्ह 02 :00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र समाचार पत्रो में प्रकाशन की तिथि से 02 मार्च 2026 तक जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 23 (कार्यालय जिला योजना एवं सांख्यिकी) में कार्यालयीन समय प्रात: 10 .30 से अपरान्ह 02 :00 तक, राशि 2000/- रूपये नगद भुगतान कर प्राप्त कर सकते है। निविदा दिनांक 03 मार्च 2026 (दिन-मंगलवार) को अपरान्ह 04 .00 बजे, कलेक्टर द्वारा गठित समिति के सदस्यों एवं उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित तिथि को नियत समयावधि के पश्चात किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा का प्रारूप एवं शर्ते आदि के बारें में विस्तृत जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट www.mohla-manpur-ambagarhchowki.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

जी. 252606682/2

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी
जिला-मोहला मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

**OFFICE OF CHIEF ENGINEER (CIVIL)**
C-1 C-2, Power Companies campus, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574626 Website : www.cspdcl.co.in e-mail : cecivil.cspdcl@cspc.co.in
No. 04-03/ Civil-Distr/2886 Raipur, dtd. 06.02.2026

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriated class in CSPDCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public sector undertaking /Local bodies/Power izdkDistribution companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below :-

| Tender Specification No. | Name of work | NIT Value |
|---|---|---|
| CEC/D/ W/25-26 /127 | Renovation of 04 unit qtr. at Chowki DC premises under O&M division Mohla. | 11.37 Lacs |
| CEC/D/ W/25-26 /128 | Strengthening of CC approach road and providing of 600 mm diameter hume pipe culvert at 33/11 KV S/s Kusmura premises under O&M dn. Raigarh- 2. | 9.21 Lacs |
| CEC/D/ W/25-26 /129 | General civil maintenance work of project store building as STM Dn. office situated at CSPDCL office premises Tifra Bilaspur. | 6.80 Lacs |
| CEC/D/ W/25-26 /130 | General civil maintenance work of NE type (NE-09 & 10) 02 units staff quarter at new CSPDCL colony premises Tifra Bilaspur. | 5.36 Lacs |
| CEC/D/ W/25-26 /131 | Repair and maintenance work of DC office at 33/11 KV S/s premises Akaltara under O&M Dn. Akaltara. | 5.08 Lacs |
| CEC/D/ W/25-26 /132 | Renovation work of 04 units F -Type (01 to 04) residential building at 29 units staff qtr. colony premises, Dantewada. | 9.90 Lacs |
| CEC/D/ W/25-26 /133 | Construction of Distribution Center office building at Taregaon Jungle under (O&M) Dn. Pandariya | 14.86 Lacs |

Note – (1) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding .cspcl. co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST@18%

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL)
CSPDCL RAIPUR

**कार्यालय नगर पंचायत शिवनंदनपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/131/ लो.नि./न.पं./2025-26 शिवनंदनपुर, दिनांक 13/02/2026

**द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

नगर पंचायत शिवनंदनपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| System Tender no | Estimated Amount (Lakh) | Earnest Money Deposit | Bid Submission Start Date & Time | Bid Due Date & Time | Physical Document Submission Date & Time | Bid Open Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 185509 | 21.17 | 16000.00 | 13/02/2026 After 17.30 PM | 02/03/2026 Before 17.30 PM | 06/03/2026 Before 14.00 PM | 09/03/2026 After 15.00 PM |
| 185510 | 29.17 | 22000.00 | | | | |
| 185511 | 44.78 | 35000.00 | | | | |
| 185512 | 49.77 | 40000.00 | | | | |

टीप:- 03. उपरोक्त कार्यों की निविदा की समान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेत व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https:cgeprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। 04. विज्ञापन की प्रति cg.uad.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत शिवनंदनपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,
website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com
No.04-04/W/2311 Raipur, date 12-02-2026

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL in three-part tendering system. The unregistered contractor having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies/ Private Sector in India only may be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/HTPS--KW/W/ 2025/185 | Construction of "Synthetic Tennis Court" at officer's (Senior) Club premises HTPS, CSPGCL, Korba West | 29.09 Lacs |

Note:- (i) The detailed NIT, Eligibility Criteria, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (Civil)
CSPGCL, Raipur

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. / निर्माण/2026 दिनांक 06.02.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक भवन एवं बाउंड्रीवाल निर्माण, सुमेधा सतनाम पारा में वार्ड क्र. 55 (अ.जा.वि.प्रा. निधि) (प्रथम निविदा) | 15.00 | 27.02.2026 (T.No. 185196) |
| 2. | सामुदायिक भवन एवं बाउंड्रीवाल निर्माण, श्याम नगर साडा कॉलोनी में जैतखाम के पास, वार्ड क्र. 58 (अ.जा.वि.प्रा. निधि) | 25.00 | 27.02.2026 (T.No. 185197) |
| 3. | सामुदायिक भवन निर्माण (डोमार समाज सार्वजनिक उपयोग हेतु) अयोध्यापुरी में सीपेट के सामने वार्ड क्र. 52 (अ.जा.वि.प्रा. निधि) | 15.00 | 27.02.2026 (T.No. 185199) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

**NAGAR PANCHAYAT SARAGAON, DIST-JANJGIR-CHAMPA, C.G**

E-Procurement Tender Notice (4th call), Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in,
UDD Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
System Tender No: 185535 Saragaon, Dated 12.02.2026
No: 1006/NIT/SARAGAON/PWD/2025-26

**Online Bids Are Invited For The Following Works Of Items Up To:**

Start Date And Time 13.02.2026, 12:10 Pm (Start Date & Time Of Bid Preparation).
Name Of Work/Description Of Item: Design, Construction, Testing, Commissioning Of All The Components Of Interception And Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation And Maintenance Of The Entire System In Nagar Panchayat, Saragaon Under SBM 2.0
Total Probable Amount of Contract: Rs. 273.37 Lacs

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-proc Portal https://eproc.cgstate.gov.in on Sub Portal of Urban Administration and development Department. https://eproc.cgstate.gov.in from (Start Time) Date 13.02.2026, 12:10 PM onwards.

For more details, terms & conditions on the tender and bidding process you may please visit the Office of the Chief Municipal Officer, NAGAR PANCHAYAT SARAGAON.
NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Proc portal. (https://eproc.cgstate.gov.in)

| Bid Submission Start Date & Time | Bid Due Date & Time | Physical Submission of EMD/DD & Annexure 13 | Bid Open Date & Time |
|---|---|---|---|
| 13.02.2026 12:10 PM | 23.02.2026 5:30 PM | 25.02.2026 5:30 PM | 26.02.2026 11:00 AM |

**Chief Municipal Officer, Nagar Panchayat, Saragaon**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 'सेवा तीर्थ' में पीएम ...

प्रधानमंत्री ने प्रत्येक नागरिक को जीवन रक्षक सुरक्षा प्रदान करने और लखपति दीदी की संख्या को दोगुना करके छह करोड़ करने के लिए 'पीएम राहत योजना' की शुरुआत को मंजूरी देने वाली फाइल पर हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने बताया कि 'पीएम राहत योजना' के तहत, दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज मिलेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि तत्काल चिकित्सा सहायता न मिलने के कारण किसी की जान न जाए। सरकार ने मार्च 2027 की समयसीमा से एक साल से भी अधिक पहले तीन करोड़ लखपति दीदियों का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। प्रधानमंत्री ने अब मार्च 2029 तक छह करोड़ लखपति दीदियों का एक नया, महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी के रूप में, कृषि अवसंरचना निधि को दोगुना करके दो लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। इस कदम का उद्देश्य भारत की संपूर्ण कृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत करना है। मोदी ने 10,000 करोड़ रुपये की निधि के साथ 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को भी मंजूरी दी। एक अधिकारी ने कहा, भारत के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को, विशेष रूप से डीप टेक, उन्नत विनिर्माण और अभूतपूर्व प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में, सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने 10,000 करोड़ रुपए के कोष के साथ 'स्टार्टअप इंडिया एफओएफ 2.0' को मंजूरी दी है। इससे पहले मोदी ने नए परिसर में सेवा तीर्थ की पट्टिका का अनावरण किया। यह नाम देवनागरी लिपि में परिसर की दीवार पर अंकित है। इसके नीचे 'नागरिक देवो भव' का आदर्श वाक्य लिखा है। अधिकारियों ने बताया कि 2014 से मोदी सरकार भारत के औपनिवेशिक अतीत से जुड़े प्रतीकों से दूर जाने और मानसिकता में बदलाव लाने के लिए लगातार कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय को अब सेवा तीर्थ कहा जाएगा, केंद्रीय सचिवालय भवनों का नाम कर्तव्य भवन रखा गया है और राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया गया है। इसी क्रम में रेस कोर्स रोड का नाम बदलकर लोक कल्याण मार्ग किया जा चुका है, जहां प्रधानमंत्री का आवास स्थित है। राजभवन तथा राज निवास का नाम क्रमशः लोक भवन और लोक निवास रखा गया है। पीएमओ से जारी एक बयान में कहा गया है कि इस इमारत का उद्घाटन भारत की प्रशासनिक शासन संरचना में एक महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी मील का पत्थर है और आधुनिक, कुशल, सुलभ और नागरिक-केंद्रित शासन प्रणाली के निर्माण के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दशकों तक, कई प्रमुख सरकारी कार्यालय और मंत्रालय सेंट्रल विस्टा क्षेत्र में कई स्थानों पर स्थित पुरानी अवसंरचना से काम करते रहे। इसमें कहा गया है कि इस कारण परिचालन में अक्षमताएं, समन्वय संबंधी चुनौतियां, रखरखाव लागत में वृद्धि और कार्य वातावरण की अनुपयुक्तता की समस्या उत्पन्न हुई। नये भवन परिसर को आधुनिक सुविधाओं से लैस करके इन समस्याओं का समाधान किया गया है।

पीएम मोदी बोले-विकसित भारत का संकल्प- पीएम मोदी ने कहा, आज हम सभी एक नए इतिहास को बनते देख रहे हैं। आज विक्रम संवत 2082, फाल्गुन कृष्ण पक्ष, विजया एकादशी का महत्वपूर्ण शुभ दिन है। 13 फरवरी का यह दिन भारत की विकास यात्रा में एक नए आरंभ का साक्षी बन रहा है। हमारे शास्त्रों में विजया एकादशी का बहुत महत्व रहा है। इस दिन जिस संकल्प के साथ बढ़ते हैं, उसमें विजय जरूर प्राप्त होती है। आज हम सभी भी सेवा तीर्थ में विकसित भारत के लक्ष्य के साथ प्रवेश कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा, आजादी के बाद साउथ ब्लॉक, नॉर्थ ब्लॉक जैसी इमारतों से देश के लिए अनेक निर्णय, नीतियां बनी लेकिन यह भी सच है कि ये इमारतें ब्रिटिश साम्राज्य के प्रतीक के तौर पर बनाई गई थी। इन इमारतों को बनाने का मकसद भारत को गुलामी की जंजीरों में जकड़े रखना था।

### एकसाथ आ जाएंगे ...

*इसमें कैबिनेट सचिवालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के वे कार्यालय एक साथ आ जाएंगे, जो अलग-अलग स्थानों पर स्थित थे। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह और पीएमओ के अधिकारी सेवा तीर्थ भवन के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित थे।*

### बदबू से परेशान ग्रामीण ...

पहुंच रहा है, जिससे फसलों को भारी क्षति हो रही है। साथ ही बदबू और गंदगी से गांव का दैनिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है।

### एक झटके में सात ...

बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, केवल बजाज फाइनेंस और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर ही बढ़त में बंद हुए। सिर्फ लार्जकैप ही नहीं, बल्कि छोटे और मझोले शेयरों में भी बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स लगभग 2-2% गिर गए। इससे साफ है कि निवेशक जोखिम कम करने के मूड में नजर आए। इस पूरे सप्ताह की बात करें तो बीएसई सेंसेक्स 1.1% और निफ्टी 0.9% गिरकर बंद हुआ।

सभी सेक्टर लाल निशान में बंद- सेक्टोरल स्तर पर सभी प्रमुख इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। एनर्जी, मेटल और रियल्टी इंडेक्स 2-3% तक लुढ़क गए। आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, टेलीकॉम, इंफ्रा, ऑटो, पावर, पीएसयू और ऑयल एंड गैस इंडेक्स में भी करीब 1% की गिरावट दर्ज की गई।

### 12वीं रिजल्ट के बाद ...

लागू किया जाएगा। हालांकि, 10वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले की तरह भौतिक रूप में ही जारी रहेगा। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, परिणाम के बाद अंकों के सत्यापन की अब आवश्यकता नहीं होगी और परिणामस्वरूप सत्यापन के लिए आवश्यक कर्मचारियों की संख्या भी कम होगी, क्योंकि कुल योग में किसी भी प्रकार की त्रुटि की कोई गुंजाइश नहीं होगी।

### बड़ा उलटफेर, जिम्बाब्वे ...

आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब जिम्बाब्वे ने क्रिकेट की दिग्गज टीम ऑस्ट्रेलिया को 23 रनों से करारी शिकस्त दे दी. तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी (4-0-17-4) ब्रैड इवांस (3.3-0- 23-3) की घातक गेंदबाजी की मदद से जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को पूर्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर तहलका मचा दिया.

### बिलासपुर कुलपति के ...

वाजपेयी विवि को अब तक स्थानीय कुलपति नहीं मिल पाया है। दूसरे राज्यों के शिक्षाविदों की ही नियुक्ति कुलपति के रूप में होती रही है। बिलासपुर विवि के साथ-साथ रायगढ़ विवि और पत्रकारिता विवि में भी कुलपति की नियुक्ति होनी है।

### अब बताओ कितने रिश्तेदार हैं प्रतिनिधि

पालिक व नगर पंचायत के महापौर, सभापति, अध्यक्ष या पार्षद के पारिवारिक सदस्य रिश्तेदार हैं या नहीं। यदि रिश्तेदार हैं को किस महिला प्रतिनिधि के रिश्तेदार है, उनका नाम और पदनाम भी बताना होगा।

### पुरी के इस्तीफे की मांग...

की बैठक नौ मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, सुबह बैठक शुरू होते ही पीठासीन सभापति संध्या राय ने पूर्व सांसद डॉ. भगवान दास राठौड़ के निधन की सूचना सदन को दी और सदस्यों ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत पूर्व सदस्य को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जैसे ही पीठासीन सभापति ने प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य केंद्रीय मंत्री पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाने लगे और आसन के समीप आ गए। इस बीच कांग्रेस सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने अपना पूरक प्रश्न पूछा जिसका जवाब स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शोर-शराबे के बीच ही किया। पीठासीन सभापति संध्या राय ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर जाकर बैठने और कार्यवाही चलने देने की अपील की।

### साइकिल से भिड़ी बाइक...

बाइक चालक मांढर निवासी शुभम यादव की मौत हुई है। शुभम का साथी लव कुमार गंभीर रूप से घायल है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक भोजराम साइकिल में अपनी पत्नी को बैठाकर भुरकोनी की तरफ जा रहा था। शुभम बाइक से अपने गांव मांढर जा रहा था। बरौद के आगे शुभम ने साइकिल सवार दंपति को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। बताया जा रहा है, बाइक की टक्कर लगने के बाद जमीन पर गिरे दंपति को बाइक चालक ने कुचल दिया और शुभम बाइक को कंट्रोल नहीं कर पाया और अपने दोस्त के साथ बाइक से गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने शुभम को मृत घोषित कर दिया।

**मोड़ होने के साथ रोड की चौड़ाई कम**

जिस मार्ग में एक्सीडेंट की घटना हुई है, वह मार्ग डबल लेने होने के साथ रोड इंजीनियरिंग के अनुसार चौड़ाई कम है। इसके कारण एक्सीडेंट की घटना हुई है। रायपुर से बलौदाबाजार मार्ग फोरलेन बनना है। इसके कारण लोक निर्माण विभाग बलौदाबाजार मार्ग के सुधार के लिए कोई विशेष ध्यान नहीं दे रहा। रोड में सामान्य आवाजाही बनी रहे, इसलिए मामूली रखरखाव किया जा रहा है।


डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
Skin Care
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग
» बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड
» बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756






शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769



epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100


## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सोलर सिस्टम के सेल्स मार्केटिंग हेतु अनुभवी लड़के (इनकम 40000 से 1लाख कमा सकते है) एवं चैनल पार्टनर भी चाहिए पता- सोलर चॉइस इंडिया LIC ऑफिस के सामने मगरपारा बिलासपुर 9826384400, 7049243125 (39950)

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रीशियन, एसी टेक्नीशियन, गैस प्लांट टेक्नीशियन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- किम्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल मगरपारा रोड बिलासपुर 8982525645 (39951)

**आवश्यकता है-** साइट चौकीदार एवं घर की गाड़ी चलाने के लिए एक अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क 7583808008 (39953)

**आवश्यकता है-** सुपर बाजार में काम करने लिए स्मार्ट युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- जय भोले सुपर बाजार कारगिल चौक के पास सिन्धी कालोनी बिलासपुर 70007 62795 (39952)

**आवश्यकता है-** अनुभवी रिसेपशनिस्ट हॉस्पिटल मैनेजमेंट, अनुभवी PRO (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर फील्ड वर्क) अनुभवी फार्मासिस्ट (मेडिकल स्टोर हेतु), अनुभवी नर्सिंग स्टाफ। पता- प्रभा हॉस्पीटल महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 74709 46314 (39939)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर की प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी में आफिस एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। योग्यता किसी भी विषय में स्नातक, रीयल एस्टेट में अनुभवी को प्राथमिकता, अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स, वेतन- योग्य उम्मीदवार हेतु कोई सीमा नहीं सम्पर्क- 9630023355 (39940)

**आवश्यकता है-** सफाई कर्मचारी की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सुबह 9 से 5बजे तक। डॉक्टर अग्रवाल एक्स-रे एवं सोनोग्राफी क्लीनिक, जूनी लाइन, संतोष लॉज के बगल में बिलासपुर 7869911052 (39932)

**आवश्यकता है-** नेत्र O.T. सहायक पद 2, रिसेप्सनिस्ट पद 2, स्किन प्रोसिजर असिस्टेंट पद 2 अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्याता अनुसार समय सुबह 10 से 3बजे संपर्क करें 90989 71134 (39949)

**आवश्यकता है-** होटल में कार्य हेतु मिस्त्री चाहिए जिसे सभी प्रकार के नमकीन, मीठा बनाना आना चाहिए। योग्यता अनुसार वेतन 15000, 18000, 21000 पता- राम चाय सेन्टर, महर्षि चौक मंगला 9294686056, 7000832779 (39921)

**आवश्यकता है-** इंटीरियर डिजाइनर चाहिए जो ड्राफ्टिंग (Auto CAD/ 2D, 3D) व साइट विजिट कर सके। वेतन अनुभव अनुसार। इंटरव्यू 11AM to 6PM, सम्पर्क करें- मध्यनगरी चौक बिलासपुर 9243739905 (39942)

**आवश्यकता है-** बूटिक में सिलाई कार्य करने के लिए अनुभवी महिला टेलर की आवश्यकता है संपर्क करें पूनम बजाज 99815-23322 (39919)

**आवश्यकता है-** एक मेहनती, ईमानदार सेल्समैन चाहिए। ग्राहकों से अच्छी बातचीत करने, हिसाब किताब का अनुभव हो वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क- श्री शारदा एंटरप्राइजेस, कोतवाली चौक के पास, मेन रोड तेलीपारा, बिलासपुर 78699 19759 (39944)

**आवश्यकता है-** एजेन्सी कार्य हेतु छोटा हाथी ड्राइवर एवं आटो चालक एवं माल निकालने हेतु पार्ट टाईम शाम को लड़के लड़कियां चाहिए पता- महावीर एजेन्सी नेहरु नगर रोड सांई मन्दिर के पास बिलासपुर 9893056083, 9755885780 (39945)

**आवश्यकता है-** ज्वेलरी शॉप में (1) सेल्समैन, सेल्सगर्ल- 4पद, (2) बिलिंग कार्य- 2पद, (3) HR- 1पद, (4) Cashier- 1पद, चाहिए। वेतन 10000 से 20000 योग्यता अनुसार अनुभवी ही सम्पर्क करें- KAMLA सतीश्री ज्वैलर्स, (हनुमान मंदिर के बगल में, बर्तन लाइन में) मेन रोड, सदर बाजार, बिलासपुर 9827174256, 9907901110 (कृपया कॉल करके आयें) (39936)

**आवश्यकता है-** DJ शोरूम में कार्य हेतु फ्रेशर, अनुभवी लड़के चाहिए। आकर्षक वेतन 10000+ अच्छा काम करने पर उचित इनाम। सम्पर्क करें- कपूर चन्द & सन्स, सदर बाजार, करोना चौक, बिलासपुर 9685005500 (39924)

**आवश्यकता है- बिलासपुर रेलवे के अंतर्गत चलती ट्रेनों में साफ सफाई कार्य हेतु पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, 6 पासपोर्ट साइज फोटो, स्थानीय पुलिस थाना से पुलिस वेरिफिकेशन प्रमाण पत्र सहित सम्पर्क करें- रेलवे बॉक्सिंग क्लब के पास, न्यू रिजर्वेशन काउंटर के नजदीक, बिलासपुर रेलवे स्टेशन रोड, बिलासपुर 7987607213, 8319317085, 9131103994 (39946)**

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- बजाज रोप सेन्टर गोल बाजार बिलासपुर (39607)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड होलसेल होजयरी दुकान मे कार्य हेतु (होजियरी सामान के अनुभव हो) माल पहुंचाने हेतु लड़के लड़कियां चाहिए सम्पर्क करें- नयन फैशन राजा होटल के पास पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर (39928)

**आवश्यकता है-** (1) हॉस्टल कार्य हेतु लड़के, लड़की (2) रिसेप्शन सम्भालने हेतु स्मार्ट लड़के लड़कियां (3) पार्सल, खाना डिलीवरी हेतु लड़के (4) इंडियन, चाइनीज खाना बनाने हेतु कुक चाहिए सम्पर्क करें- 9329233000 (39917)

**आवश्यकता है-** कृष्णा फुट वियर होल सेल दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की शीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर 9907925025, 7987210064 (39938)

**आवश्यकता है-** गोडाउन में काम करने के लिए मेहनती लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- वेदान्त एसोसिएट्स लिंक रोड बिलासपुर 9827164125 (39931)

**आवश्यकता है-** थोक/ चिल्हर शोरूम में पैकिंग कार्य हेतु लड़कों एवं दुकान का ईरिक्शा चलाने हेतु अनुभवी चालक चाहिए वेतन 15000 अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क- भारत बैग हाउस मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर (39943)

**आवश्यकता है-** कैफे में कार्य हेतु फ्रेशर युवक/ युवती चाहिए सैलरी योग्यतानुसार 6500 से 8000 सम्पर्क करें- 12 बजे के बाद, ब्रूबेरी कैफे, एम्बियंस बिजनेस पार्क, CMD कॉलेज के सामने 7987926453, 9131256249, 07752 490692 (39947)

**आवश्यकता है-** कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी डेंटल क्लीनिक में स्टाफ की आवश्यकता है जरूरतमंद लड़के/ लड़कियां सम्पर्क करें- सिम्स गेट नं.-3 के सामने प्रिंस कॉम्प्लेक्स बिलासपुर 9617773900 (फ्रेशर का शुरुआती वेतन 5000 होगा) (39925)

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लीनिक में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अधिश्री डेंटल क्लीनिक प्रताप चौक बिलासपुर 80854 97777 (39933)

**आवश्यकता है-** होलसेल मेडिकल एजेन्सी में अनुभवी सेल्समैन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, पैकिंग कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों एवं लोकल डिलीवरी हेतु लड़कों की आवश्यकता है बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- जगत एजेन्सी, तेलीपारा, बिलासपुर (39929)

**आवश्यकता है-** सेल्सगर्ल (काउंटर सेल्स, कस्टमर हैंडलिंग) एवं ऑफिस मेनेजमेंट (बिलिंग रिकॉर्ड मेंटेन, फोन, ऑर्डर संभालने) योग्यता 10वीं, 12वीं वेतन योग्यतानुसार Call Time 11-3 पता- श्रीबालाजी डोर्स एंड प्लाई उस्लापुर 917900 7641 (39926)

**आवश्यकता है-** डाटा एंट्री, बिलिंग, एकाउंटिंग हेतु लड़की/ लड़के एवं दुकान कार्य हेतु करने लड़के/ लड़कियां एवं इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर चाहिए पता- सूरज इलेक्ट्रीकल्स, C21, नेताजी काम्प्लेक्स जरहाभाठा मंदिर चौक बिलासपुर 93015 86381, 9827181236 (39934)

**आवश्यकता है-** ड्राइवर की आवश्यकता है रेलवे ऑफिस की गाड़ी चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें- S.K Tour & Travels रामकृष्ण नगर मोपका बिलासपुर छत्तीसगढ़ 78790 06223, 7000103649 (39920)

**आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़ा शोरूम में पुरुष सेल्समैन चाहिए। मेन्स, लेडिस वियर में 3 से 4वर्ष का अनुभव आवश्यक। वेतन 10000 से अधिक योग्यता अनुसार। पता- नेशनल होयजरी NX, सदर बाजार, बिलासपुर (39914)**

**आवश्यकता है-** बिलासपुर स्थित श्रीव्हीलर शोरूम में कार्य हेतु सेल्स एग्जीक्यूटिव- 10पद, स्पेयर पार्ट्स इंचार्ज- 1पद अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- शारदा बजाज ICICI बैंक के सामने, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 90390 90181 (39930)

**आवश्यकता है-** रियल एस्टेट कम्पनी में कार्य करने का सुनहरा अवसर टेलीकॉलिंग हेतु लड़की, मार्केटिंग हेतु लड़के चाहिए सम्पर्क करें- अम्बे कंस्ट्रक्शन मोपका चौक AGFG चर्च के पास बिलासपुर 7987236607, 8109119184 (39900)

**आवश्यकता है-** फोर व्हीलर (कार) चलाने हेतु कुशल अनुभवी ड्राइवर की तत्काल आवश्यकता है, (वेतन 12000/-) लाइसेंस के साथ संपर्क करें:- मोपका, बिलासपुर मो. 7898495828 (525)

**आवश्यकता है-** साड़ी शोरूम में हेल्पर कार्य हेतु लड़के/ लड़कियां चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार पता- ज्योति साड़ी भंडार श्रीराम शॉप नम्बर ए-6 श्रीराम क्लॉथ मार्केट अग्रसेन चौक के पास बिलासपुर (39906)

**आवश्यकता है-** डामर रोड कार्य हेतु सिविल सुपरवाइजर चाहिए संबंधित कार्य अनुभवी, स्वयं का वाहन अनिवार्य अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- जादवानी कंस्ट्रक्शन कम्पनी, कुम्हारपारा रोड जरहाभाठा बिलासपुर 9827177676, 9827126666 (39907)

**आवश्यकता है-** (1) फील्ड ऑफिसर पुरूष सैलरी 15000 महीना+ दैनिक भत्ता (2) महिला सर्वेयर सैलरी 12000 महीना+ भत्ता, (3) सुपरवाइजर महिला सैलरी 9000+ भत्ता, महिला स्वसहायता समूह इनकम प्रति महिला 100/- से 200/- तक रोजी सम्पर्क करें- राधाकृष्ण सेवा संस्थान बिलासपुर 8109100493 (39918)

**आवश्यकता है-** (M/F) मैनेजर, एकाउंटेंट, सुपर वायजर, सेल्समैन, हेल्पर चाहिए (समय 10 से 8) सैलरी- 9000 से 25000 पता- Farmers Pride, नेचर सिटी गेट से 200 मीटर आगे सकरी रोड, उसलापुर 91792 94949 (39927)

**आवश्यकता है-होटल में कार्य करने हेतु होटल स्टॉफ, वेटर, हाउस कीपिंग स्टॉफ की चाहिए। वेतन 11000 से 15000 पता- होटल रॉयल रामा पुराना बस स्टैण्ड के पास टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर (39941)**

**आवश्यकता है-** कॉपी रजिस्टर कारखाना में काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है तखतपुर क्षेत्र वाले ही सम्पर्क करें- दिवाकर पेपर मार्ट सरस्वती शिशु मन्दिर के पास जनकपुर रोड तखतपुर बिलासपुर 99936 16854 (39905)

**आवश्यकता है-** फूड स्टॉल में काम करने हेतु मेहनती लड़के चाहिए। समय दोपहर 3बजे से 11बजे वेतन- 7500 से 8500 पता- Eatwell, Yousta के बगल में, अग्रसेन चौक के आगे, बिलासपुर 7999707293, 62673 93035 (39912)

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर शोरूम में हमाली कार्य के लिये लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्री शारदा इन्टरप्राइजेस सिटी कोतवाली थाना के बाजू में तेलीपारा मेन रोड बिलासपुर (39915)

**आवश्यकता है-**बेरोजगार युवा आज ही नौकरी पाइये पद सिक्योरिटी गार्ड योग्यता- 5वी से 12वीं पास ग्रेजुएट भी मान्य सुविधा रहने व खाने की व्यवस्था उपलब्ध वेतन 9500 से 18000 प्रतिमाह लोकेशन- नया रायपुर, रायपुर, रायगढ़, आज ही कॉल करें और नौकरी पक्की करें- 9201958117, 9201958118 (6547)


हमारा अशियाना
META PROPERTIES
3BHK VILLA & PLOTS AVAILABLE
VIP CITY, Saddu, Vidhan Sabha, Raipur, C.G.
812 000 8290
Khanna Advt.




**आवश्यकता है-**UTN शॉप में मार्केटिंग सेल्स कार्य हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 12000 सम्पर्क करें- शॉप नम्बर FS-16 प्रथम तल सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7999594790, 8878973171 (39897)

**आवश्यकता है-** तिफरा थोक सब्जी मंडी में कलेक्शन मैनेजर 2पद, सेल्स मैनेजर 2पद (वेतन 12000 से 20000) सेल्समेन 2पद (वेतन 10000 से 15000) योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- सुबह 10से 12बजे तक 9893599044 (39913)

**आवश्यकता है-** नर्सरी से 12वी तक पढ़ाने हेतु टीचर्स एवं सफाई कर्मचारी की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9 से 2बजे, संस्कार स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र के सामने, बाजार के पास, उसलापुर 90985 46135, 7000737657 (39910)

**आवश्यकता है-**प्रतिष्ठित आफिस में कार्य करने के लिए चपरासी प्यून की आवश्यकता है सम्पर्क करें- दोपहर 2बजे से शाम 4बजे तक एरीना एनीमेशन काशी चेम्बर्स लिंक रोड बिलासपुर 9826956859 (39894)

**आवश्यकता है-प्लाईवुड शोरूम में सेल्स एंड मार्केटिंग पर्सन, ऑफिस कार्य हेतु टेलीकॉलर शिक्षित, लड़के, लड़कियां चाहिए। वेतन 10000 से 50000+ बोनस+ कमीशन +पेट्रोल, बाइक अनिवार्य। रिज्यूम व्हाट्स एप्प करें- 9608777772, अनुभवी उम्मीदवार ही सम्पर्क करें-एस.एस. प्लाईवुड महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर (561)**

**आवश्यकता है-**बिजी साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर युवती एवं माल जमाने, दिखाने तथा पैकिंग कार्य के लिए मेहनती लड़कों/ लड़कियों की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- आर.के. बूट हाउस तेलीपारा बिलासपुर (39881)

**आवश्यकता है- शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए।. आयु 18से 30 वर्ष वेतन 9000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें-, 91654 07080, 6261667355 (529)**

**आवश्यकता है-** खाना बनाने हेतु पुरुष कुक, घरेलू झाड़ू पोछा कपड़ा बर्तन डस्टिंग हेतु अनुभवी दो महिला चाहिए (सुबह 8बजे से शाम 7बजे) पता- रामा वर्ल्ड न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर 99672 99365 (39904)

**आवश्यकता है-** श्याम इंटरप्राइजेज में पैकिंग कार्य व अन्य कार्य हेतु युवक/ युवती की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार (समय 10 Am से 7 Pm) सम्पर्कः- साइंस कॉलेज सरकंडा 90747 41377 (528)

## फायनेंस

**फायनेंस-** विनायिका फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज) (30% छूट) संपर्कः- 7587708423 (529)


Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।





18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330


## सूचना


पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें


- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# प्रदेश में हर साल बिक रहे 40 हजार ई-वाहन, चार्जिंग स्टेशन साढ़े तीन सौ के करीब

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश में अब ई वाहनों का क्रेज लगातार बढ़ता जा रहा है। अब सालभर में 40 हजार से ज्यादा वाहन बिक रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन और ई-रिक्शा हैं। कारों की बिक्री अब भी कम है। पांच साल पहले प्रदेश में महज साढ़े छह हजार वाहन बिके थे, लेकिन अब रफ्तार तेज हो गई है। ऐसे में प्रदेश में इस समय करीब दो लाख ई-वाहन हो गए हैं, लेकिन जहां तक चार्जिंग स्टेशनों का सवाल है, तो प्रदेश में साढ़े तीन सौ के आसपास हैं। इनमें से सबसे ज्यादा राजधानी रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और भिलाई में हैं। छोटे शहरों में बहुत कम संख्या में चार्जिंग स्टेशन हैं।

प्रदेश में बीते पांच सालों में ई-वाहनों की ब्रिकी में बड़ा बूम आया है। पांच साल पहले की बात करें तो प्रदेश में 2021-22 में महज साढ़े छह हजार वाहन



बिके थे। लेकिन 2022-23 में इसमें करीब पांच गुना इजाफा हुआ और करीब तीस हजार वाहन बिके। अब यह आंकड़ा 40 हजार के पार हो गया है। ऑटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक प्रदेश में हर दो से ढाई हजार दोपहिया वाहन बिक रहे हैं। इसी के साथ हर माह एक हजार के आस-पास ई-रिक्शा भी बिक रहे हैं। जहां तक कारों का सवाल है तो इसका आंकड़ा कम है। कारें हर माह दो से तीन सौ के आसपास ही बिक रही हैं। इनकी कीमत ज्यादा होने के कारण इसका क्रेज कुछ कम हैं। कुल मिलाकर सालभर में जहां 25 हजार से ज्यादा दुपहिया बिक रहे हैं, वहीं ई-रिक्शा 13 से 14 हजार बिक रहे हैं। कारों की बिक्री तीन हजार के आस-पास ही है।

प्रदेश सरकार भी ई-वाहनों की खरीदी पर सब्सिडी दे रही है। पहले 10 प्रतिशत तक सब्सिडी या डेढ़ लाख (जो भी कम हो) की मिलती थी। लेकिन मई 2025 के संशोधन के बाद, यह अधिकतम सब्सिडी एक लाख हो गई है। साथ ही 20 लाख से ऊपर के ई-वाहनों पर सब्सिडी भी खत्म कर हो गई है। रजिस्ट्रेशन शुल्क में भी 2026-27 तक छूट का प्रावधान है।

### चार्जिंग स्टेशन बढ़ाने पर ध्यान

प्रदेश में आज की स्थिति में 347 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन हैं। इसमें से 124 फास्ट और 223 स्लो चार्जिंग स्टेशन हैं। इनमें से लगभग 50 फीसदी स्टेशन रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जिलों में हैं, जबकि शेष अन्य जिलों में। जिन जिलों में चार्जिंग स्टेशन कम हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर नए स्टेशन की स्थापना की जा रही है। प्रदेश सरकार चार्जिंग स्टेशन को बढ़ावा देने के लिए पेट्रोल पंपों और वाहन विक्रेताओं से सहयोग ले रही है। प्रदेश में 600 से अधिक ई-वाहन डीलर्स पंजीकृत हैं। इनसे कहा गया है कि वे अपने शोरूम और विक्रय स्थलों पर चार्जिंग पॉइंट स्थापित करें, ताकि ग्राहकों को सुविधाजनक चार्जिंग विकल्प मिल सकें।

**आईएमए ने किया स्पष्ट कम से कम 2 एमबीबीएस, बिस्तरों की संख्या के आधार पर नहीं**

# नए पोर्टल की पेचीदगी, जिले में 11 और राज्य के सवा सौ अस्पताल की अपडेट नहीं हुई जानकारी, दो दिन मोहलत

## 95 फीसदी से ज्यादा अस्पतालों द्वारा जानकारी अपलोड के दावे, नियम काफी पुराना

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

आयुष्मान योजना से संबंधित हेम पोर्टल 2.0 में की पेचीदगी की वजह से जिले के 11 और राज्य में सवा सौ अस्पताल की जानकारी अपडेट नहीं हो पाई है। योजना में पंजीकृत अस्पतालों के सौ फीसदी पंजीयन के लिए दो दिन और मोहलत दी गई है। इधर अफसरों से मिलने के बाद आईएमए ने स्पष्ट किया है कि बिस्तरों की संख्या के आधार पर डाक्टरों की नियुक्ति अनिवार्य नहीं है। किसी ही हास्पिटल में कम से कम 2 एमबीबीएस डाक्टरों की आवश्यकता होगी। दावा यह भी है कि 95 फीसदी हास्पिटलों ने जानकारी अपलोड कर दी है।

सूत्रों के मुताबिक डाक्टरों की उपलब्धता सहित अन्य नियम काफी पुराने हैं, जिसका उल्लेख नए पोर्टल में भी है। आयुष्मान में पंजीकृत सभी हास्पिटलों को यह जानकारी अपलोड करना अनिवार्य है। इसकी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए दिसंबर से लेकर अब तक तीन से चार बार अंतिम तारीख बढ़ाई जा चुकी है। अफसरों के अनुसार नए पोर्टल में जानकारी अपडेट नहीं करने पर संबंधित अस्पताल का लॉगिन निष्क्रिय हो जाएगा और ने स्वमेव योजना से बाहर हो जाएगा। रायपुर जिले अस्पतालों के प्रतिनिधियों को सीएमएचओ कार्यालय बुलाकर जानकारी अपलोड कराई और अन्य जिलों में विभिन्न तरीकों से इस प्रक्रिया पूरी की गई। शुक्रवार के बाद जिले में 11 और राज्य में करीब सवा सौ हास्पिटल अपनी जानकारी अपलोड नहीं कर पाए है। इन्हें 15 फरवरी तक का वक्त दिया गया है। इधर एमबीबीएस की अनिवार्यता पर आईएमए के डॉ. केतन शाह, डॉ. संजीव श्रीवास्तव और डॉ. विवेक गोयल ने स्टेट नोडल एजेंसी के अधिकारियों से मुलाकात के बाद स्पष्ट किया है कि अस्पताल में कम से कम दो डाक्टर होना चाहिए। इसके अलावा निजी स्वामित्व वाले नर्सिंग होम में विशेषज्ञ की गिनती होगी यानी वहां केवल एक डाक्टर की आवश्यकता होगी। बीस बेड के पीछे 24 घंटे में तीन डाक्टर की अनिवार्यता से उन्होंने इंकार किया है।

सूत्रों के अनुसार नए नियम के अनुसार नर्सिंग होम खोलने का अधिकार स्पेशलिस्ट डाक्टरों के पास होगा। यानी एमबीबीएस डाक्टर नर्सिंग होम नहीं खोल पाएंगे। इस बारे में दो तरह के तर्क दिए जा रहे हैं। पहला इससे अस्पताल में योजना से संबंधित विभिन्न गड़बड़ियों पर विराम लगेगा। योग्यता नहीं होने के बाद भी कई लोगों द्वारा अस्पताल चलाने की शिकायत कम होगी। दूसरा तर्क यह है कि बाहरी इलाकों में स्वास्थ्य सेवा इससे प्रभावित होगी। राज्य में वैसे भी विशेषज्ञ डाक्टरों की संख्या कम है और नर्सिंग होम के संचालन को उनके दायरे में सीमित करना गलत है।

### सर्जनों के लिए भी नियम

अस्पतालों के साथ विशेषज्ञ डाक्टर और सर्जनों को भी नियम में बांधा गया है मसलन एक विशेषज्ञ डाक्टर तीन से अधिक अस्पतालों में सेवा नहीं दे पाएंगे। इस नियम का भी काफी विरोध हो रहा है। तर्क दिया गया है कि राज्य में विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी है इसके अलावा उनके द्वारा कई छोटे और मध्यम अस्पतालों में सेवा दी जाती है। उनके कार्यक्षेत्र को सीमित करने से छोटे अस्पतालों की दिक्कत बढ़ जाएगी और वहीं होने वाली कई सर्जरी बंद हो जाएगी। इसका सीधा असर स्वास्थ्य व्यवस्थआ पर होगा।

### भ्रम दूर होने की उम्मीद

अफसरों द्वारा नए पोर्टल में किसी भी अनिवार्यता से इनकार किया गया है। जिन आवश्यकताओं का जिक्र है यह आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाने के समय से ही योजना में मौजूद है जिसकी मांग अब की गई है। पोर्टल पर राज्य के 95 फीसदी अस्पतालों की जानकारी अपलोड हो चुकी है जिनके बचे है वे भी शीघ्र पूरे किए जाएंगे।

डा. सुरेन्द्र शुक्ला, अध्यक्ष हास्पिटल बोर्ड

### मंशा छोटे अस्पतालों को बंद करने की मंशा

सरकार की मंशा छोटे अस्पतालों को बंद करने की है जिससे सरकार को कम संख्या में अस्पताल कवरेज से आयुष्मान योजना के तहत कम मरीजों का इलाज और भुगतान करना पड़े। हेम-2 पोर्टल के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पतालों पर सीधा दबाव बनाया जा रहा है। इससे आयुष्मान योजना रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग जिले में केंद्रित होकर रह जाएगी।

डा. राकेश गुप्ता, अध्यक्ष एएचपीआई

# समय पर नहीं भेजे प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक तो स्कूलों पर लगेगा जुर्माना

## समय पर नतीजे जारी करने कवायद इस बार बरती जाएगी सख्ती

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सभी स्कूलों को नोटिस भेजकर स्पष्ट किया है कि वे बच्चों के प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट और इंटरनल असेसमेंट के नंबर तय समय पर बोर्ड की वेबसाइट पर डाल दें। इस कदम का मकसद है कि नंबरों को लेकर कोई गड़बड़ी न हो और रिजल्ट में देरी न आए। सीबीएसई बोर्ड ने चेतावनी दी है कि अगर स्कूल 14 फरवरी तक ये नंबर अपलोड नहीं करते हैं तो उन पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। बोर्ड का मानना है कि परीक्षा लेने के साथ-साथ नंबरों का डेटा सही समय पर दर्ज करना भी बहुत जरूरी है। अगर नंबर समय पर पोर्टल पर अपडेट हो जाएंगे तो आखिरी वक्त में गलती होने का डर नहीं रहेगा और फाइनल रिजल्ट तैयार करने संबंधित कार्य में तेजी आएगी। इससे छात्रों को भी फायदा होगा और समय से नतीजे जारी होने पर वे आगे की योजनाएं बेहतर तरीके से बना पाएंगे।

सीबीएसई ने छग सहित देशभर के स्कूलों को सूचित करते हुए कहा है कि कक्षा 10 और 12 के प्रैक्टिकल और इंटरनल असेसमेंट के नंबर भरने के लिए 14 फरवरी तक का समय है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने साफ निर्देश दिया है कि इस तारीख के बाद किसी भी हाल में समय नहीं बढ़ाया जाएगा। स्कूलों को सुनिश्चित करना होगा कि वे छात्रों के नंबर बोर्ड के पोर्टल पर बिल्कुल सही-सही भरें जाएं। सीबीएसई बोर्ड के नियम के मुताबिक, स्कूलों को नंबर अपलोड करते समय बहुत ध्यान रखना होगा। एक बार नंबर पोर्टल पर सेव हो गए तो उनमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा। अगर किसी छात्र के नंबर गलत अपलोड हो जाते हैं तो इसकी पूरी जिम्मेदारी स्कूल की होगी। इससे न केवल रिजल्ट आने में देरी हो सकती है, बल्कि छात्र के भविष्य पर भी बुरा असर पड़ सकता है। जो स्कूल बोर्ड की बात नहीं मानेंगे, उन पर सीबीएसई सख्त कार्यवाही कर सकता है।

# वर्दी की आड़ में ड्रग तस्करी करने वाले सिपाही का साथी गिरफ्तार

## आरोपी पुलिसकर्मी के साथी से साढ़े पांच ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त, वर्दी की आड़ में ड्रस तस्करी

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र की पुलिस ने हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार आमानाका थाना में तैनात आरक्षक हिमांशु बर्मन से पूछताछ के आधार पर उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से साढ़े पांच ग्राम हेरोइन चिट्टा के साथ एक जिंदा कारतूस जब्त किया है। सिपाही के साथी को पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

सूखा नशा के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत 11 फरवरी को पुलिस ने हिमांशु बर्मन को एक ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया था। सिपाही नीलकंठेश्वर मंदिर के पीछे मठपारा इलाके में वाहन में बैठकर नशे का सौदा करने की फिराक में था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे रंगे हाथों पकड़ा। ड्रग नेटवर्क से जुड़े सिपाही से पूछताछ करने पुलिस ने उसकी कोर्ट से रिमांड हासिल कर पूछताछ की, तो उसने अपने साथी लक्की सिंह को ड्रग बेचे जाने की जानकारी दी। लक्की को हिमांशु ने छह ग्राम हेरोइन दिया था, जिसमें से उसने आधा ग्राम हेरोइन का खुद सेवन कर बाकी अन्य को खपाने की फिराक में था। किसी दूसरे को लक्की हेरोइन दे पाता, इसके पूर्व वह पकड़ा गया।

हिमांशु वर्दी की आड़ में ड्रग की तस्करी कर रहा था। वह ड्रग की डिलीवरी के बाद अपने ही खाते में पैसे ले रहा था। पुलिस के अनुसार आरक्षक हिमांशु बर्मन पिछले डेढ़ साल से आमानाका थाना में तैनात है। वह कई बार ड्रग से संबंधित कार्रवाई में शामिल रहा। इसी दौरान उसका कुछ तस्करों से संपर्क हुआ और पैसों के लालच में वह खुद तस्करी करने लगा। वह तस्करों से ड्रग मंगाकर नशा करने वालों तक पहुंचाता था।

पूछताछ में हिमांशु ने चार बार ड्रग सप्लाई करने का अपराध कबूल किया है। वह वर्ष 2013 में पुलिस में भर्ती हुआ था। बताया जा रहा है हिमांशु ड्रग पैडलरों की मदद से दिल्ली और पंजाब से ड्रग लेकर आता था। हिमांशु के संपर्क में अन्य आरोपियों की पुलिस पतासाजी कर जल्द कार्रवाई करने की बात कह रही है।



*Terms and Conditions applied *Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of the standard equipment.
**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in
होंडा अधिकृत विक्रेता एवं ब्रांच : बिलासपुर: ड्रीम होंडा– 07752 –409057, उसलापुर: ड्रीम होंडा– 9516661444, बिलासपुर: सरकंडा, मौसाजी होंडा–7024149881, 07752–412121, जगमल चौक: मौसाजी होंडा– 07752 –417070, 9109690484, अम्बिकापुर : महामाया होंडा– 7489027000, जसवानी होंडा– 8358065000, बैकुंठपुर: प्रमिला होंडा– 7000405012, जांजगीर–चांपा: गट्टानी होंडा – 7694011205,7694011206, कोरबा: विशाल होंडा– 94790–25937, 99939–98122, कृष्णा होंडा– 6232103020, जशपुर : देवनारायण होंडा – 9425251702, रायगढ़: शारदा होंडा – 9300473589, शांति ऑटो होंडा – 9343609281, मुंगेली: मानसी होंडा – 9131402454, 8649933333
For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com
Embassy




# दुनिया की सबसे खतरनाक झील! जिसके पानी का रंग है खून जैसा लाल



**लंदन।** दुनिया में एक इतनी खतरनाक झील है कि उसके भीतर जाने पर इंसान और जानवर पत्थर बन सकते हैं। आइए आज हम आपके इस झील के बारे में कुछ रोचक बातें बताते हैं। दुनियाभर में कई ऐसी झील और नदियां हैं, जिन्हें खतरनाक माना जाता है। एक ऐसी ही झील है, जिसके बारे में जानकर आपके रोंगटे खड़े हैं। साल 2013 में इस झील की डरा देने वाली तस्वीरें सामने आई थीं। इस झील का नाम नैट्रॉन है। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर निक ब्रांट ने इस झील की तस्वीरें ली थीं। इन तस्वीरों में जानवरों की जम चुकीं लाशें थीं। इस झील के पानी के कारण जानवर पत्थर में बदल गए थे। इन दर्दनाक तस्वीरों को देखने के बाद दुनियाभर के लोग हैरान हो गए थे।

## इंसान और जानवर पानी में बन सकते हैं पत्थर



### खूबसूरत झील का नाम है नैट्रॉन झील

इस खतरनाक और खूबसूरत झील का नाम नैट्रॉन झील है जो तंजानिया में स्थित हैं। अरुशा क्षेत्र के उत्तरी नागोरोंगोरो जिले में स्थित नैट्रॉन झील को नमक का झील या क्षारीय झील कहा जाता है। माना जाता है कि यह झील बेहद खतरनाक है। बताया जाता है कि इस झील के संपर्क में आने वाला जीव पत्थर बन जाता है। दरअसल, नैट्रॉन झील वन्यजीवों का घर माना जाता है। इस झील के पानी में पीएच की मात्रा लगभग 12 है। यह घरेलू ब्लीच के बराबर होता है। इस झील के पानी में शिकारी जीव अधिक समय तक जिंदा नहीं रह सकते हैं। ओल डोइन्यो लेंगाई ज्वालामुखी की वजह से इस झील का पानी खारा है। यह ज्वालामुखी दुनिया की पहली ऐसी झील है जिससे अजीब लावा यानी नैट्रोकार्बोनाटाइट बाहर आता है।

### बेहद खतरनाक कहा जाता है झील को

फ्लेमिंगो (राजहंस) पर त्वचा सख्त और पपड़ीदार होने की वजह से पानी का प्रभाव नहीं पड़ता है। लेकिन, इंसान की त्वचा नरम होती है। कभी 60 डिग्री सेल्सियस तक इस झील का पानी गर्म हो जाता है। यह नमक की झील आपको पत्थर तो नहीं बना पाती है, लेकिन त्वचा पर ऐसा कोई घाव हो जाए, जिसके बारे में आप सोच भी नहीं सकते हैं। इस झील के पानी में इंसान जितनी देर तक रुकता है और उतना ही जलता है। लेकिन, बारिश के मौसम में पानी में पीएच की मात्रा बदलती रहती है। परिस्थितियां अगर खराब हुईं तो इंसान बुरी तरह जल सकता है। इसलिए, इस झील को बेहद खतरनाक कहा जाता है।

**वैज्ञानिकों ने दी बड़ी चेतावनी**

# पैर तले खिसक रही है जमीन! घड़ी की तरह घूम रहा है स्पेन और पुर्तगाल

**मैड्रिड।** वैज्ञानिकों का कहना है कि स्पेन और पुर्तगाल जिस जमीन पर बसे हैं। वह बहुत धीरे-धीरे घूम रही है। यह बदलाव अफ्रीका और यूरोप की टेक्टोनिक प्लेटों की टक्कर की वजह से हो रहा है। यह गति इतनी धीमी है कि आम लोगों को महसूस नहीं होती ,लेकिन इससे भूकंप को समझने का तरीका बदल सकता है। नई रिसर्च के मुताबिक इबेरियन प्रायद्वीप जिसमें स्पेन और पुर्तगाल शामिल हैं सिर्फ उत्तर की ओर नहीं खिसक रहा बल्कि घड़ी की दिशा में हल्का सा घूम भी रहा है। यह घुमाव हर साल कुछ मिलीमीटर की रफ्तार से हो रहा है। वैज्ञानिकों ने जीपीएस और भूकंपीय आंकड़ों की मदद से इस बदलाव को समझा है।

### घूम रही हैं प्लेटें

अब तक किताबों में पढ़ाया जाता रहा है कि धरती की प्लेटें एक-दूसरे के साथ सीधी रेखा में खिसकती हैं। पश्चिमी भूमध्यसागर का इलाका अलग तरह से व्यवहार कर रहा है। जर्नल गोंडवाना रिसर्च में छपी एक स्टडी के अनुसार स्पेन और पुर्तगाल मिलकर बना इबेरियन ब्लॉक सिर्फ यूरोशियन प्लेट के साथ उत्तर की ओर नहीं बढ़ रहा बल्कि धीरे-धीरे घड़ी की दिशा में घूम रहा है। अफ्रीकी और यूरोशियन प्लेट हर साल करीब 4 से 6 मिलीमीटर की रफ्तार से एक-दूसरे की तरफ बढ़ रही हैं। यही दबाव इबेरियन क्षेत्र में सीधा धक्का देने के बजाय हल्का घुमाव पैदा कर रहा है।



### यह इलाका अलग क्यों


दुनिया के कई हिस्सों में प्लेटों की सीमा साफ दिखाई देती है। कहीं एक प्लेट दूसरी के नीचे जाती है तो कहीं दोनों प्लेटें एक-दूसरे के साथ सरकती हैं। हालांकि, स्पेन के दक्षिण और जिब्राल्टर के पास यह सीमा साफ नहीं है। यहां दबाव बड़े इलाके में फैला हुआ है। बता दें, वैज्ञानिक आसियर मादारिएता और उनकी टीम का कहना है कि दक्षिणी स्पेन के आसपास चट्टानों में कई छोटी दरारें और संरचनाएं हैं जो अलग-अलग दिशाओं में दबाव झेल रही हैं। इसे ऐसे समझा जा सकता है जैसे किसी किताब को कोने से दबाया जाए तो वह सीधी आगे बढ़ने के बजाय मुड़ने लग जाती है।

### जिब्राल्टर और अलबोरान क्षेत्र की भूमिका

दक्षिणी स्पेन और उत्तरी मोरक्को के बीच अलबोरान सागर का इलाका अहम भूमिका निभा रहा है। यहां की धरती पश्चिम की ओर धकेली जा रही है। इसी दबाव ने स्पेन की बेटिक पर्वतमाला और मोरक्को की रिफ पहाड़ियों को उठाया जिसे जिब्राल्टर आर्क कहा जाता है। दक्षिण-पश्चिम जिब्राल्टर के पास अफ्रीकी प्लेट का दबाव ज्यादा सीधा है।

### वैज्ञानिकों ने कैसे पकड़ा बदलाव

यह बदलाव इतना धीमा है कि लिस्बन या सेविया में खड़े लोगों को कुछ महसूस नहीं होगा। इसे समझने के लिए वैज्ञानिकों ने स्थायी जीपीएस स्टेशनों से कई साल का डेटा इक्ट्ठा किया। साथ ही छोटे-बड़े भूकंपों के रिकॉर्ड भी देखे गए। दोनों आंकड़ों को मिलाकर पाया गया कि जमीन के अलग-अलग हिस्सों में खिंचाव, दबाव और सरकाव हो रहा है।



### भूकंप पर क्या असर पड़ेगा

स्पेन और पुर्तगाल बहुत ज्यादा भूकंप वाले देश नहीं हैं, लेकिन 1755 का लिस्बन भूकंप याद दिलाता है कि यहां बड़ा झटका आ सकता है। नई स्टडी से उन इलाकों को समझने में मदद मिलेगी जहां सतह पर बड़ी दरारें नहीं दिखतीं है, फिर भी खतरा हो सकता है। दक्षिणी पुर्तगाल, कैडिज की खाड़ी और दक्षिणी स्पेन ऐसे इलाके हैं जहां दबाव और घुमाव दोनों काम कर रहे हैं। आने वाले समय में इसी आधार पर इमारतों और पुलों के डिजाइन में बदलाव किया जा सकता है।

**वैज्ञानिकों ने 3डी तकनीक से तैयार किया चेहरा**

# इथियोपिया में मिली 15 लाख साल पुरानी इंसानी खोपड़ी

**अदीस अबाबा।** वैज्ञानिकों ने इथियोपिया में मिली 15 लाख साल पुरानी एक खोपड़ी का कंप्यूटर ने नया चेहरा बनाया है। यह खोपड़ी होमो इरेक्टस की है और इस चेहरे से पता चलता है कि शुरुआती इंसान कैसे दिखते थे। वैज्ञानिकों की एक टीम ने इथियोपिया में मिली 15 लाख साल पुरानी एक खोपड़ी के जीवाश्म की मदद से इंसानों के पूर्वजों के बारे में नई जानकारी दी है। इस खोपड़ी को डीएएन5 नाम दिया गया है। डॉ. करेन बाब और उनके साथियों ने कंप्यूटर की मदद से इस खोपड़ी का चेहरा फिर से बनाया है। यह अफ्रीका में मिली अब तक की सबसे सुरक्षित और पूरी खोपड़ी है। इसे देखकर पता चला है कि शुरुआती इंसान एक-दूसरे से कितने अलग थे। इस खोज ने वैज्ञानिकों की पुरानी सोच को बदल दिया है कि इंसान धीरे-धीरे कैसे विकसित हुए।



### छोटे दिमाग वाले अनोखे पूर्वज

यह खोपड़ी काफी अलग है, क्योंकि इसका दिमाग छोटा था और चेहरा बहुत पुराना दिखता था। डॉ. बॉब ने बताया कि हमें पहले ही पता था कि इसका दिमाग छोटा है, लेकिन अब चेहरा बनाने के बाद पता चला है कि यह अपनी ही प्रजाति के दूसरे लोगों से भी बहुत अलग और पुराना दिखता था।

### कैसी ही चेहरे की बनावट?

वैज्ञानिकों का मानना है कि शायद इथियोपिया के इस इलाके में रहने वाले पूर्वजों ने अपना पुराना रूप ही बरकरार रखा था, जबकि बाकी दुनिया में इंसान बदल रहे थे। इस चेहरे की नाक चपटी थी और इसके दाढ़ के दांत बहुत ही बड़े थे।

### किस तकनीक का हुआ इस्तेमाल?

नेचर कम्यूनिकेशंस में छपी यह रिपोर्ट बताती है कि इंसान कैसे विकसित हुए। वैज्ञानिकों ने माइक्रो-सीटी स्कैनिंग और 3डी तकनीक का इस्तेमाल करके खोपड़ी के बिखरे हुए टुकड़ों को एक साथ जोड़ा है। खोज करने वाली टीम को चेहरे के 4 हिस्से और दांत मिले थे। उन्होंने लगभग 1 साल की मेहनत के बाद इन टुकड़ों को दिमाग वाली हड्डी के साथ जोड़कर पूरी खोपड़ी तैयार की।





**वैज्ञानिकों की चेतावनी ने उड़ाए होश!**

# प्रशांत महासागर के कूड़ेदान में बस गई है एक गुप्त दुनिया

**न्यूयार्क।** सालों से हम सुनते आ रहे हैं कि प्लास्टिक समुद्र को बर्बाद कर रहा है। छोटे-छोटे माइक्रोप्लास्टिक से लेकर बड़े टुकड़े तक, सब समुद्री जीवों के लिए खतरा हैं। मछलियां, कछुए और पक्षी तक इसे गलती से खा लेते हैं। इसलिए समुद्र की सफाई को जरूरी कदम माना जाता है। लेकिन, अब कुछ वैज्ञानिक एक अलग राय दे रहे हैं। उनका कहना है कि हमें पूरी तरह सफाई शुरू करने से पहले और रिसर्च करनी चाहिए, क्योंकि हो सकता है कि इस प्लास्टिक पर कुछ खास जीव बस गए हों।

### नई सोच क्यों आई सामने

समुद्री जीव विज्ञानी रेबेका हेल्म जो इस समय जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में काम कर रही हैं इस नई सोच को सामने ला रही हैं। उनका कहना है कि समुद्र की सतह पर रहने वाले कुछ छोटे जीव, जिन्हें मिलकर न्यूस्टन कहा जाता है अब तैरते प्लास्टिक



को अपना ठिकाना बना चुके हैं। यह कोई अचानक आई सोच नहीं है। हाल की कुछ स्टडी में देखा गया है कि ये छोटे जीव प्लास्टिक के टुकड़ों पर टिके रहते हैं। वहीं अपना जीवन चलाते हैं। फ्रांस की वेबसाइट साइंसपोस्ट ने इन निष्कर्षों को लोगों तक पहुंचाया। न्यूस्टन वे जीव हैं जो समुद्र की बिल्कुल ऊपरी सतह पर रहते हैं। इनमें कुछ शैवाल, बैक्टीरिया और बहुत छोटे जानवर शामिल हैं।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com